टरेन	=	**ट्रेन**	ड्रामा	=	**ड्रामा**

6. **निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़िए–**

(क) जिधर देखो उधर सेना ही सेना दिखलाई पड़ती थी।

(ख) मन चाहे न चाहे तब भी वहाँ जाना ही पड़ता है।

(ग) बादल गरज रहे हैं, बिजली चमक रही है, वर्षा तो आएगी ही।

निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ में आए बदलाव को स्पष्ट कीजिए–

(क) इस वाक्य में भी लगाकर कार्यालय जाने की अनिवार्यता पर बल दिया गया है।

(ख) इस वाक्य में भी लगाकर मेरे द्वारा जाने की अनिवार्यता पर बल दिया गया है।

(ग) इस वाक्य में कार्यालय जाने और भाग लेने की अनिवार्यता पर बल दिया गया है।

7. **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए–**

अप्रिय	**नापसंद**	हिम्मत	**ताकत**

प्रतीक्षा	**इंतजार**	क्रोध	**गुस्सा**
क्षमा	**माफी**	परामर्श	**सलाह**
शोक	**दुख**	रात्रि	**रात**
अवश्य	**जरूर**	कंठ	**गला**
आहिंसा	**जीवों को न मारना**	द्वार	**दरवाजा**
मुग्ध	**आकर्षित**	विक्षिप्त	**पागल**
दुरवस्था	**बुरी अवस्था**	उत्पात	**उपद्रव**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें

12 कबीर के दोहे

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) i. गोविंद (ख) ii. आम (ग) iii. फल लागै अति दूर

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) शिष्य को ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग गुरु ने ही दिखाया है। इसी कारण शिष्य का गुरु के प्रति समर्पण का भाव है।

(ख) यदि सुख में भी ईश्वर का स्मरण किया जाए तो दुख कभी नहीं आता है।

(ग) वृक्ष अपने फल स्वयं नहीं खाता है इसी प्रकार नदी भी अपना जल स्वयं नहीं पीती है। दोनों ही जीव जगत का पोषण करते हैं। अतः दोनों का ही स्वभाव परोपकारी है।

(घ) ईश्वर सदा सच्चे हृदय में बसते हैं।

(ङ) दुर्बल को कभी नहीं सताना चाहिए क्योंकि उसके मन से निकली हुई हाय (बद्दुआ) उसी प्रकार से सब कुछ नष्ट कर देने वाली होती है जैसे लौहार की धोंकनी का चमड़ा निर्जीव होते हुए भी लोहे को भस्म कर देता है।

(च) मनुष्य को ऐसी मीठी वाणी बोलनी चाहिए जो सुनने वाले को शीतलता प्रदान करे जिससे अपना भी मन प्रसन्न हो और सुनने वाला भी प्रसन्न हो जाए।

3. निम्नलिखित पद्य भाव से संबंधित दोहे लिखिए-

उत्तर- (क) ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोय।
औरन को सीतल करे, आपहु सीतल होय।।

(ख) बृच्छ कबहुँ नहीं फल भखै, नदी न संचै नीर।
परमारथ के कारनै, साधुन धरा शरीर।।

(ग) बड़ा भया तो क्या भया, जैसे पेड़ खजूर।
पंथी को छाया नहीं, फल लागै अति दूर।।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

उत्तर-	दुख	सुख	परमार्थ	स्वार्थ
	शीतल	ऊष्ण	बुरा	भला

सत्य	असत्य	जीवित	मृत

2. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइए-

उत्तर-

साहब	**पुल्लिग**	खाल	**स्त्रीलिंग**
राई	**स्त्रीलिंग**	वाणी	**स्त्रीलिंग**
खजूर	**पुल्लिग**	हृदय	**पुल्लिग**
वृक्ष	**पुल्लिग**	हंस	**पुल्लिग**
पर्वत	**पुल्लिग**	गुरु	**पुल्लिग**
गोविंद	**पुल्लिग**	शरीर	**पुल्लिग**
मृग	**पुल्लिग**	नीति	**स्त्रीलिंग**
पंथी	**पुल्लिग**		

3. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

उत्तर-

जल	**पानी**	**नीर**	पर्वत	**पहाड़**	**नग**
वृक्ष	**पेड़**	**तरु**	नीर	**जल**	**अंबु**
ईश्वर	**प्रभु**	**भगवान**	गोविंद	**ईश्वर,**	**भगवान**

4. (क) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार लिखिए-

i. कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय।
या खाए बौराय जग, वा पाए बौराय।। **यमक अलंकार**

ii. तट तमाल तरुवर बहु छाए। **अनुप्रास अलंकार**

iii. मैया मैं तो चंद्र खिलौना लैहों। **रूपक अलंकार**

iv. चारू चंद्र की चंचल किरणें। **अनुप्रास अलंकार**

(ख) अनुप्रास, यमक तथा श्लेष अलंकारों में उदाहरण देकर अंतर स्पष्ट कीजिए-

अनुप्रास अलंकार में एक वर्ण बार-बार आता है। जैसे-
रघुपतिराघव राजा राम यहाँ 'र' वर्ण बार-बार आया है अतः अनुप्रासालंकार है।

यमक अलंकार में एक शब्द बार-बार आता है और हर बार उसका अर्थ भी अलग-अलग होता है। वहाँ यमक अलंकार होता है। जैसे-काली घटा का घमंड घटा। यहाँ इस पंक्ति में घटा शब्द दो बार आया है। और दोनों शब्दों के अर्थ भी अलग-अलग हैं।

1. घटा - बदलों की घटा
2. घटा - कम होना अतः यहाँ यमक अलंकार है?

जब एक शब्द एक ही बार प्रयुक्त होता है। परंतु उसके अर्थ भिन्न-भिन्न होते हैं वहाँ श्लेषालंकार होता है। जैसे भिखारी को देख पट देत बार-बार।
यहाँ पर पट शब्द के दो अर्थ हैं
1. वस्त्र 2. दरवाजा,
अतः यहाँ श्लेषालंकार है।

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें

13 गणेश शंकर विद्यार्थी

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) i. राष्ट्र (ख) ii. कर्मयोगी (ग) iii. 200

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) गणेश शंकर विद्यार्थी जी का जन्म 26 अक्टूबर 1890 में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में हुआ था।

(ख) पत्रकारिता के क्षेत्र में विद्यार्थी जी का बड़ा योगदान था। उन्होंने 'कर्मयोगी' पत्र के लिए लेख और टिप्पणियाँ लिखकर अपने पत्रकार जीवन की शुरूआत की। उन्होंने संपादक पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी के सहायक रूप में संपादन कार्य किया अपने साप्ताहिक पत्र 'प्रभात' का प्रकाशन भी आरंभ किया यही पत्र उनकी बहुमुखी व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति का आधार था। कुछ ही समय पश्चात् यह साप्ताहिक पत्र दैनिक बन गया तथा लोकप्रिय हो गया अनेक पत्रों ने इस पत्र को अपना आदर्श माना और इसके सम्पादन से प्रेरणा ली। अतः स्पष्ट है कि गणेश शंकर विद्यार्थी एक कुशल पत्रकार थे।

(ग) 9 नवंबर, 1913 से साप्ताहिक पत्र 'प्रताप' का प्रकाशन आरंभ किया। यही पत्र उनके बहुमुखी व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति का आधार बना। इस पत्र को उन्होंने अपने खून-पसीने से सींचा। उन्होंने इसे अंग्रेज़ी सरकार के दमन, अन्याय और शोषण के विरुद्ध एक कारगर हथियार के रूप में प्रयुक्त किया। एक समय ऐसा भी आया जब उनका यह पत्र स्वतंत्रता संग्राम का पर्याय ही बन गया। अंग्रेजी सरकार बार-बार इसे बंद करने की धमकी देती रही। किंतु अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, गहरी सूझबूझ, निर्भीकता, विलक्षण प्रतिभा और निष्पक्षता के बल पर गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपने जीवन-काल में 'प्रताप' के प्रताप को कभी मंद नहीं पड़ने दिया।

(घ) सरदार भगतसिंह पर लाहौर में जब विवाह करने के लिए उनकी दादी का दबाव बढ़ा तो वे मार्गदर्शन के लिए गणेश शंकर विद्यार्थी के पास कानपुर आए थे।

(ङ) विद्यार्थी जी सांप्रदायिकता के प्रबल विरोधी थे। 24 मार्च, 1931 की बात है। कानपुर में अचानक दंगा भड़क उठा। लोग एक-दूसरे के खून के प्यासे हो उठे। मारकाट और अग्निकांड की खबरें आने लगीं। विद्यार्थी जी इस स्थिति में मूकदर्शक बनकर बैठे नहीं रह सकते थे। वे निकल पड़े लोगों को बचाने और समझाने के लिए। वे स्वयं को बचा नहीं पाए और दंगे का शिकार हो गए।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) गणेश शंकर विद्यार्थी जी ने **धर्मांधता** कभी स्वीकार नहीं की।

(ख) उन्होंने **कर्मयोगी** पत्र के लिए लेख और **टिप्पणियाँ** लिखीं।

(ग) वे स्वतंत्रता-संग्राम के **कर्मठ** तथा **जुझारू** सेनानी भी थे।

(घ) उनकी 'ग्राम सुधार योजना' की परिधि में **200 गाँव** आ गए।

(ङ) गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे लोग **बिरले** ही होते हैं।

4. निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए-

(क) कबीर ब्रह्म को पाना चाहते थे उनके चिन्तन का मूल स्त्रोत बह्म को प्राप्त करना था। विद्यार्थी जी को भी व्यक्तित्व से कबीर जैसा ही माना जाता था। उनके चिन्तन का मूल देश/राष्ट्र था। राष्ट्र के निर्माण कार्य में वे सभी की भूमिका महत्त्वपूर्ण मानते थे।

(ख) गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे लोग बिरले ही होते हैं जो अपने प्राणों की भी परवाह नहीं करते और देश हित के लिए हँसते-हँसते अपने प्राणों का बलिदान कर देते हैं। ऐसे लोगों के जन्म के लिए किसी भी राष्ट्र को हजारों वर्ष तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के एक शब्द में उत्तर लिखिए-

(क) सेनानी (ख) प्रथम अधिनायक (ग) राजद्रोह (घ) पाँच बार

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

एक	=	**अनेक**	सच्चे	=	**झूठे**
देशभक्त	=	**देशद्रोह**	बुराइयों	=	**अच्छाइयों**
स्वीकार	=	**अस्वीकार**	जन्म	=	**मृत्यु**
उच्च	=	**नीच**	हँसते	=	**रोते**
आरंभ	=	**अन्त**	सम्मान	=	**अपमान**
प्रयत्न	=	**अप्रयत्न**	अनेक	=	**एक**
मूक	=	**वाचाल**	दंगा	=	**शांति**
प्रथम	=	**अंतिम**			

2. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-

सदैव	=	**हमेशा**	अभाव	=	**कमी**
विलक्षण	=	**अनोखा**	प्रतिभा	=	**बुद्धि**
सक्रिय	=	**क्रियाशील**	परामर्श	=	**सलाह**
शमा	=	**दीया**	मूक	=	**गुंगा**
राष्ट्र	=	**देश**	सेवक	=	**भक्त**
किसान	=	**कृषक**	युवक	=	**व्यक्ति**
शिक्षा	=	**ज्ञान**	मित्र	=	**सखा**
पुत्री	=	**बेटी**			

3. उपसर्ग और प्रत्यय अलग करके लिखिए-

		उपसर्ग	**प्रत्यय**
सांप्रदायिकता	=	**सम्**	**ता**

सामाजिकता	=	-	**ता**
निर्भीकता	=	**नि**	**ता**
क्रांतिकारी	=	-	**कारी**
दुर्व्यवहार	=	**दुर्**	-
सविनय	=	**स**	-

4. निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए-

(क) उन्होंने (ख) वे (ग) उन्हें (घ) उसी, उस (ङ) वे

5. (ग) अब निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए-

घनश्याम	=	**घन के समान श्याम**	**कर्मधारय समास**
यथासंभव	=	**जैसा संभव हो**	**अव्ययी भाव समास**
वनवास	=	**वन में वास**	**अधिकरण तत्पुरुष**
नीलगाय	=	**नीली है जो गाय**	**कर्मधारय समास**
देहलता	=	**देह रूपी लता**	**कर्मधारय समास**
त्रिभुज	=	**तीन भुजाओं का**	**द्विगु समास**
चतुर्भुज	=	**चार भुजाएँ हैं जिसकी (विष्णु)**	**बहुव्रीही समास**

क्रियात्मक-कार्य

14 वस्तु का मूल्य

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) iii. धनवान व्यक्ति था (ख) i. प्राचीन स्वर्ण पात्र को

(ग) iii. अपनी माला और अंगूठी (घ) ii. अपनी बेटी की

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) राजा जौनपुर में रहता था और उसे संचय कर वस्तुओं को रखने की बुरी आदत थी। लोभी प्रवृत्ति के कारण वह किसी वस्तु का सदपयोग समय पर नहीं करता था।

(ख) राजा स्वर्ण पात्र के विषय में सोचता था कि उस स्वर्ण पात्र को मैं किसी योग्य व्यक्ति के सामने ही निकालूँगा जिससे उसका सही सदुपयोग होगा।

(ग) राजा ने स्वर्ण पात्र किसी को भी नहीं दिया।

(घ) एक बार उसके यहाँ राज्य का एक मंत्री आया। तब उसने सोचा महज एक मंत्री के लिए इसे क्यों निकालूँ? किसी बड़े आदमी के सामने उसे निकालूँगा।

(ङ) राजा ने अपने गले से एक कीमती मोतियों की माला और एक अँगूठी उस भिखारी को दान में दे दी। परंतु उसने स्वर्ण पात्र नहीं निकाला।

(च) राजा ने अपनी बेटी की शादी का प्रस्ताव दूसरे राजा के सामने रखा।

(छ) राजा की मृत्यु के बाद महल की साफ-सफाई की गई और उस कमरे को भी साफ किया गया जहाँ वो स्वर्ण पात्र रखता था। सफाई के बाद राजा के बेटे

ने उसमें से काम की चीजें निकालकर रख ली और वह पात्र व अन्य सामान नौकरों को रखने के लिए दे दिया।

(ज) पात्र नौकरों को मिला और उन्होंने पात्र अपने पास रख लिया।

(झ) इस पाठ से यह शिक्षा मिलती है कि मूल्य या महत्व की दृष्टि से मूल्यवान चीजों का यथा अवसर उपयोग कर लेना चाहिए। उन्हें बचाए रखने का लोभ व्यक्ति को उसके उपयोग से वंचित कर देता है। इतना ही नहीं उन चीजों के गलत हाथों में जाने की आशंका भी रहती है।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों में से समानार्थक शब्दों के सामने (✓) का चिह्न लगाइए-

पुरस्कार	=	**इनाम**	✓	ईमान		इलाज	
रात	=	**निशा**	✓	निशी		निद्रा	
पात्र	=	**बरतन**	✓	पत्र		पत्ता	
कहानी	=	कविता		**कथा**	✓	साहित्य	
उम्मीद	=	निराशा		उपेक्षा		**आशा**	✓
छात्र	=	**विद्यार्थी**	✓	लड़का		खिलाड़ी	
पुत्र	=	बेटी		**बेटा**	✓	पोता	

2. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए-

धनवान	**धनवानों**	पात्र	**पात्रों**
संत	**संतों**	राज्य	**राज्यों**
दिनों	**दिन**	आभूषणों	**आभूषण**
मोतियों	**मोती**	अँगूठी	**अँगूठियाँ**
मालाएँ	**माला**	बेटे	**बेटा**

3. उचित क्रियाविशेषण से वाक्य पूर्ण कीजिए-

उत्तर- राजा के चेहरे पर अब घबराहट थी।
कहानी पढ़ते ही राजा खुशी से उछल पड़ा।
राजा दिन-रात मेहनत करता था।
अपना काम कभी कल पर नहीं छोड़ना चाहिए।

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम-शब्द लिखिए-

स्वर्ण	**भस्म**	बेटा	**बेटी**
धनवान	**निर्धन**	संस्कार	**कुसंस्कार**
संत	**गृहस्थ**	सफाई	**गंदगी**
प्राचीन	**नवीन**	यहाँ	**वहाँ**
पास	**दूर**	भिखारी	**राजा**
एक	**अनेक**	आनंद	**विषाद**

5. निम्नलिखित शब्दों को लिंग के अनुसार अलग-अलग करके लिखिए-

पुल्लिग	**राजा, मंत्री, भिखारी, पात्र, मोतियों, संस्कार**
स्त्रीलिंग	**बेटी, नौकरानी, अँगूठी, शादी, सफाई, रानी**

6. श, ष और स का शुद्ध उच्चारण कीजिए। 'ष' केवल संस्कृत भाषा के शब्दों में होता है। लेखन में इसका रूप 'श' से अलग है लेकिन उच्चारण में 'श' जैसा उच्चारित होता है।

निम्नलिखित शब्दों को पढ़िए तथा श, ष और स के अन्य दो शब्द लिखिए-

उत्तर-

आशा	**निराशा**	**विदेश**	**शरीर**	**शारीरिक**	**शाम**
पुष्प	**शुष्क**	**कुष्ठ**	**वर्षा**	**हर्षा**	**विशेष**
विश्वास	**विश्व**	**अश्व**	**वापस**	**सप्ताह**	**सारा**

7. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

राजा	**नृप**	**नरेश**	**आदमी**	**नर**	**मानव**
संत	**योगी**	**महात्मा**	**धन**	**लक्ष्मी**	**दौलत**
भोजन	**आहार**	**खाना**	**शरीर**	**देह**	**काया**
बेटी	**सुता**	**कन्या**	**आनंद**	**प्रसन्नता**	**खुशी**
नौकर	**सेवक**	**अनुचर**	**हाथ**	**हस्त**	**कर**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें

15 ध्रुव जननी सुनीति

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) ii. दो (ख) iii. ध्रुव

(ग) ii. क्योंकि ध्रुव अपने पिता की गोद में बैठा था। (घ) i. ध्रुव

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) राजा उत्तानपाद की दो रानियाँ थीं।

(ख) सुरुचि अत्यधिक सुंदर तथा चतुर थी। उसकी सुंदरता से प्रभावित होकर ही राजा उत्तानपाद ने उससे विवाह कर लिया था।

(ग) सुनीति राजमहिषी थी और यज्ञादि कार्यों तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में राजा के साथ रहते हुए प्रधान रानी की भूमिका निभाती थी।

(घ) विमाता के व्यंग्य बाणों से आहत होने के कारण ध्रुव के नेत्रों से क्रोधाग्नि प्रकट हो रही थी।

(ङ) ध्रुव को समझाते हुए सुनीति ने कहा, "बेटा, तुम्हारी विमाता ने जो कहा है, वह सत्य है। उसी में तुम्हारा कल्याण है। भगवान की तपस्या कर तुम संसार में सबसे श्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर सकते हो। तुम्हारे पिता की गोद में तुम्हारे लिए चाहे स्थान न हो, किंतु परमपिता परमेश्वर की गोद में बैठकर तुम निश्चिंत हो सकते हो। वहाँ से तुम्हारी विमाता तुम्हें कभी नहीं उतार सकती।"

(च) ध्रुव को उसके लक्ष्य तक पहुँचाने में उसकी माता सुनीति ने अपने जीवन भर की खुशियों को तिलांजलि देकर पुत्र की मंगल कामना हेतु जो त्याग किया,

वह बेमिसाल है। पाँच वर्ष का वह नन्हा-सा बालक ईश-भक्ति से ध्रुवलोक का अधिपति बना जिसकी समस्त ग्रह, नक्षत्र और संपूर्ण तारा वर्ग प्रदक्षिणा करते हैं। उसकी उपलब्धि में उसकी जननी की मुख्य भूमिका रही। यह सुनीति का ही त्याग था जिसने ध्रुव को महान बनाया।

(छ) माता के महान त्याग के फल स्वरूप ही ध्रुव नित्यलोक का वरदान प्राप्त कर ध्रुवतारा बन गया।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) किंतु सुरुचि उसकी तुलना में अत्यधिक **सुन्दर** तथा **चतुर** थी।

(ख) सुरुचि बड़ी रानी सुनीति से **द्वेष** रखती थी।

(ग) कठोर नेत्रों से उसने अपनी **विमाता** की ओर देखा।

(घ) ''जाओ पुत्र, उस **जगत पिता** को प्रसन्न करो।''

4. निम्नलिखित कथनों पर सत्य अथवा असत्य लिखिए-

(क) सत्य (ख) सत्य (ग) असत्य (घ) सत्य (ङ) सत्य

5. निम्नलिखित प्रश्नों के एक अथवा दो शब्दों में उत्तर लिखिए-

(क) उत्तम को (ख) क्रोधाग्नि (ग) भगवान विष्णु की

(घ) ध्रुवलोक का (ङ) सुनीति ने

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

धार्मिक	=	**अधार्मिक**	नीचा	=	**ऊँचा**
आशा	=	**निराशा**	समीप	=	**दूर**
पसंद	=	**नापसंद**	शिशु	=	**वृद्ध**
समस्या	=	**समाधान**	दृश्य	=	**अदृश्य**
दिन	=	**रात**	सुंदर	=	**बद्सूरत/भद्दा**

2. निम्नलिखित विशेषणों से संज्ञा बनाइए-

तेजस्वी	=	**तेज**	सात्विक	=	**सत्**
तिरस्कृत	=	**तिरस्कार**	व्यथित	=	**व्यथा**
परित्यक्ता	=	**परित्याग**	धार्मिक	=	**धर्म**

3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए-

परित्यक्त	=	**परिव्यक्ता**	परमेश्वर	=	**परमेश्वरी**
अभागा	=	**अभागी**	तपस्वी	=	**तपस्विनी**
गुणवान	=	**गुणवती**	उत्तराधिकारी	=	**उत्तराधिकारिणीं**

4. निम्नलिखित शब्दों के उचित अर्थ लिखिए-

द्वेष	=	**ईर्ष्या**	उत्कंठा	=	**जिज्ञासा**
तिरस्कार	=	**अपमान**	सांत्वना	=	**तसल्ली देना**
विवेक	=	**बुद्धि**	क्रोधाग्नि	=	**क्रोध/गुस्सा आँखों से प्रकट होना**

5. निम्नलिखित शब्दों के वचन लिखिए-

रानियाँ	=	**बहुवचन**	पटरानी	=	**एकवचन**
राजमहल	=	**एकवचन**	कार्यों	=	**बहुवचन**
अनुष्ठानों	=	**बहुवचन**	महर्षि	=	**एकवचन**
तपस्विनी	=	**एकवचन**	सद्‌गुणों	=	**बहुवचन**

6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

कार्य	=	**कर्म**	**काम**
शिशु	=	**बच्चा**	**नवजात (बालक)**
समीप	=	**निकट**	**पास**
नारी	=	**स्त्री**	**औरत**
पुत्र	=	**सुत**	**बेटा**
अभिवादन	=	**सम्मान**	**स्वागत**
नेत्र	=	**नयन**	**लोचन**
पिता	=	**जनक**	**बाप**
माता	=	**माँ**	**जननी**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

16 मैं सड़क हूँ

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) iii. दोनों (ख) ii. बाईं ओर

(ग) ii. पथ (घ) iii. लाल बत्ती

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) सड़क कंकड़, पत्थर, गिट्टी, मिट्टी तथा तारकोल आदि से बनाई जाती है।

(ख) सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों का ध्यान रखना चाहिए।

(ग) लाल बत्ती रुकने का, पीली बत्ती चलने की तैयारी का तथा हरी बत्ती चलने का संकेत देती हैं।

(घ) हमें चौराहा हरी बत्ती का संकेत मिलने पर पार करना चाहिए।

(ङ) जेब्रा लाइन सफेद और काले रंग की पट्टियों से बनी होती है।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) चौराहे पर लगी **लाल** बत्ती रुकने का संकेत करती है।

(ख) जेब्रा लाइन **सफेद** रंग की होती है।

(ग) मेरे किनारे हरे-भरे पेड़ लगाएँ तो मुझे **खुशी होगी**।

(घ) मेरी इच्छा है मुझ पर चलकर सभी **आराम** से अपनी मंजिल तक पहुँचे।

(ङ) सड़क पर हमेशा **बाईं** ओर ही चलना चाहिए।

4. निम्नलिखित कथन के सामने सत्य अथवा असत्य लिखिए-

(क) सत्य (ख) असत्य (ग) सत्य (घ) असत्य (ङ) सत्य

भाषा बोध

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त शब्द-युग्म से कीजिए-

(क) सड़क लोगों, वाहनों और पशुओं आदि के **चलने-फिरने** के लिए होती है।
(ख) शहरों में **लंबी-चौड़ी** सड़क बनाई जाती है।
(ग) पहाड़ों पर चढ़ने का रास्ता **टेढ़ा-मेढ़ा** होता है।
(घ) विद्यालय के पास **कूड़ा-करकट** डालकर गंदगी नहीं करनी चाहिए।

2. निम्नलिखित शब्द-युग्मों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(क) राम ने श्याम का **हाल-चाल** पूछा और अपने घर ले गया।
(ख) वृद्ध काकी माँ का **चलना-फिरना** मुश्किल था।
(ग) उपहार **नया-पुराना** नहीं होता वो तो सहर्ष स्वीकार करना चाहिए।
(घ) दो बस **आमने-सामने** से टकरा गईं।
(ङ) शहरों में **लंबी-चौड़ी** सड़कें बनाईं जाती हैं।
(च) सड़क पार करते समय **दाएँ-बाएँ** अवश्य ही देखना चाहिए।
(छ) पहाड़ों का रास्ता **टेढ़ा-मेढ़ा** बना था।
(ज) **कूड़ा-करकट** हमेशा निश्चित स्थान पर ही डालना चाहिए।

3. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए-

सड़क	=	**पथ**	**रास्ता**	**मार्ग**
पेड़	=	**वृक्ष**	**तरु**	**पादप**
कूड़ा	=	**मैल**	**झाड़न**	**कतवार**

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

शहरों	**नगरों**	लंबी	**छोटी**
चौड़ी	**पतली**	इच्छा	**अनिच्छा**
हानि	**लाभ**	चलने	**रुकने**
दायाँ	**बायाँ**	आधी	**पूरी**
वहाँ	**यहाँ**	सावधानी	**असावधानी**
चलकर	**रुककर**	गंदा	**साफ**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

17 शहीद बकरी

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) i. भेड़िये के (ख) ii. युवा बकरी को (ग) ii. तोता-मैना

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) भेड़िए की इस धूर्तता से तंग आकर चरवाहे ने वहाँ बकरियाँ चराना बंद कर दिया था।

(ख) पर्वत को देखते हुए युवा बकरी सोचती रहती थी कि-अत्याचारी से यों कब तक प्राणों की रक्षा की जा सकेगी? वह पहाड़ से उतर कर किसी रोज़ बाड़े में भी कूद सकता है। शिकारी के भय से मूर्ख शुतुरमुर्ग रेत में गर्दन छुपा लेता है। तब क्या शिकारी उसे बख्श देता है?

(ग) युवा बकरी भेड़िए के मुँह में लगे खून को देखना चाहती थी। वह किस तरह छटपटाता है, यह करतब देखने की उसकी लालसा बलवती होती गई। एक दिन मौका पाकर वह बाड़े से निकल भागी और पर्वत पर चढ़कर स्वच्छंद विचरती, कूदती, फाँदती, दिनभर पहाड़ पर चरती रही। मनमानी कुलेलें करती रही।

(घ) बकरी के द्वारा टक्कर मारे जाने के कारण भेड़िया किंमर्त्तव्यविमूढ़ हो गया था।

(ङ) मैना ने तोते की बात का सगर्व उत्तर देते हुए कहा कि-"वही जो अत्याचारी का सामना करने पर पीड़ितों को मिलता है। बकरी मर ज़रूर गई है, परंतु भेड़िए को घायल करके मरी है। वह भी अब दूसरों पर अत्याचार करने के लिए जीवित नहीं रह सकेगा। सीने और मस्तक के घाव उसे सड़-सड़कर मरने को बाध्य करेंगे। काश! बकरी के अन्य साथियों ने उसकी भावनाओं को समझा होता। छिपने की बजाय एक साथ वार किया होता तो वे आज बाड़े में कैदी जीवन व्यतीत करने की बजाय पहाड़ पर निःशंक और स्वच्छंद विचरती होती।"

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) भेड़िये की **घूर्तता** के कारण चरवाहे ने पहाड़ पर बकरियाँ चराना बंद कर दिया।

(ख) युवा बकरी देखना चाहती थी कि वह किस तरह **छटपटाता** है।

(ग) भेड़िये का सिर दरख्त से टकराकर **लहूलुहान** हो गया।

(घ) "भेड़िये से भिड़कर भला बकरी को क्या **मिला**।"

4. निम्नलिखित कथनों के सामने सत्य अथवा असत्य लिखिए-

(क) सत्य (ख) सत्य (ग) असत्य (घ) सत्य (ङ) सत्य

5. निम्नलिखित वाक्यों का भाव स्पष्ट कीजिए-

(क) इस संसार में हर प्राणी को भोग्य भोगना ही पड़ता है। भोग्य सदैव भोगने के लिए ही उत्पन्न होते रहे हैं।

(ख) यदि सभी बकरियाँ आलस न कर निडर बन एक साथ भेड़िये का सामना करतीं तो वह स्वतंत्र जीवन व्यतीत करती। परन्तु अकेले युवा बकरी ने ही उस भेड़िए का सामना अपनी समस्त शक्तिनुसार किया, परन्तु साथियों की अकर्मण्यता पर तरस खाती हुई भेड़िये द्वारा मारी गई।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

कम	**अधिक**	बंधन	**मुक्ति**
कैद	**स्वतंत्र**	पसंद	**नापसंद**
भय	**निर्भय**	मूर्ख	**ज्ञानी**

साथियों	**शत्रुओं**	असावधान	**सावधान**
नीचे	**ऊपर**		

2. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-

पहाड़	**पर्वत**	मौत	**मृत्यु**	कैद	**बंधन**
आँखों	**नेत्रों**	मन	**चित्त**	खून	**रक्त**
लालसा	**इच्छा**	सैर करना	**घूमना**	तनिक	**थोड़ा**
साहस	**हिम्मत**	अकर्मण्यता	**आलस्य**	मस्तक	**माथा**

3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग भेद बताइए-

पहाड़	**पुल्लिंग**	बकरी	**स्त्रीलिंग**	भेड़िया	**पुल्लिंग**
चरवाहा	**पुल्लिंग**	मौत	**स्त्रीलिंग**	बंधन	**पुल्लिंग**
प्राण	**पुल्लिंग**	शुतुरमुर्ग	**पुल्लिंग**	गर्दन	**स्त्रीलिंग**
शिकारी	**पुल्लिंग**	नजर	**स्त्रीलिंग**	दर्शन	**पुल्लिंग**
रक्त	**पुल्लिंग**	आँख	**स्त्रीलिंग**	आक्रमण	**पुल्लिंग**
सींग	**पुल्लिंग**	लहू	**पुल्लिंग**	मैना	**स्त्रीलिंग**

4. इन चारों प्रकार के समुच्चयबोधकों को दर्शाने वाला एक-एक वाक्य पाठ में से ढूँढ़कर लिखिए।

वह उसके दांव पेंच देखने की लालसा **और** अपने अरमान पूरे कर चुकी थी।

बकरी मर जरूर गई है **परंतु** भेड़िये को घायल करके मरी है।

यदि बीच का भारी पत्थर उसे सहारा न देता **तो** औंधे मुँह नीचे गड्ढे में गिर गया होता। भेड़िए की घूर्तता के कारण बकरियों को हरे-भरे पहाड़ पर चरने की स्वतंत्रता **अथवा** बाड़े की कैद में से किसी एक जीवन को जीने के लिए बाध्य होना पड़ा।

5. कुछ पुल्लिंग शब्दों के साथ 'इन' प्रत्यय जोड़ देने से वे स्त्रीलिंग बन जाते हैं; इसी प्रकार 'इन' प्रत्यय जोड़कर पाँच पुल्लिंग शब्दों से स्त्रीलिंग शब्द बनाइए-

ग्वाल + इन = ग्वालिन

कुम्हार + इन = कुम्हारिन

जाट + इन = जटिन

पंजाबी + इन = **पंजाबिन**

नाग + इन = **नागिन**

6. इन क्रिया-रूपों में 'आहट' प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाइए-

छटपटाना	=	**छटपटाहट**	मुस्कराना	=	**मुस्कराहट**
खड़खड़ाना	=	**खड़खड़ाहट**	घबराना	=	**घबराहट**
लपलपाना	=	**लपलपाहट**	गुर्राना	=	**गुर्राहट**

7. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए-

हरे-भरे = **हरे-भरे** बाग में पीपल का विशाल वृक्ष भी था।

धूर्तता = भेड़िए की **धूर्तता** के कारण चरवाहा बकरी चराने नहीं गया।

सदैव = **सदैव** सत्य बोलना चाहिए।

प्रयत्न = निरंतर **प्रयत्न** करने से सफलता अवश्य मिलती है।

पर्वत = हिमालय **पर्वत** भारत के उत्तर में स्थित है।

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

18 झाँसी की रानी

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) ii. लक्ष्मीबाई को (ख) i. भवानी को (ग) ii. प्रसन्न

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) लक्ष्मीबाई झाँसी की रानी थी।

(ख) बरछी, ढाल, कृपाण, और कटारी लक्ष्मीबाई की सहेलियाँ थीं।

(ग) रानी लक्ष्मीबाई और लेफ्टिनेंट वॉकर का युद्ध झाँसी के मैदान में हुआ था इस युद्ध में वॉकर जख्मी होकर वहाँ से भाग गया।

(घ) लक्ष्मीबाई की तरह हमें भी कभी मुसीबतों को देखकर घबराना नहीं चाहिए वरन् जीवन में आने वाले संकटों का साहस और वीरता के साथ डट कर मुकाबला करना चाहिए।

(ङ) मर्दानी, छबीली, भवानी, सिंहनी, अवतारी।

(च) कवयित्री ने लक्ष्मीबाई के लिए 'मर्दानी' विशेषण का प्रयोग इसलिए किया है क्योंकि पुरुषों की तरह पुरुष सैन्य बल पर लक्ष्मीबाई ही थी जो निडरता से टूट पड़ी थी। उन्होंने स्त्री होकर भी पुरुषों के समान साहस दिखाया था इसी कारण उन्हें 'मर्दानी' झाँसी वाली रानी नाम दिया गया।

3. कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए-

(क) कानपुर के नाना की मुँहबोली बहन 'छबीली' थी,
लक्ष्मीबाई नाम, पिता की वह संतान अकेली थी।
नाना के संग पढ़ती थी वह, नाना के संग खेली थी,
बरछी, ढाल, कृपाण, कटारी उसकी यही, सहेली थी।

(ख) रानी गई सिधार, चिता अब उसकी दिव्य सवारी थी,
मिला तेज से तेज, तेज की वह सच्ची अधिकारी थी।
अभी उम्र कुल तेइस की थी, मनुज नहीं अवतारी थी,
हमको जीवित करने आई बन स्वतंत्रता नारी थी।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन शब्दों में दीजिए-

(क) बूढ़े भारत में।

(ख) शिवाजी की गाथाएँ याद थीं।

(ग) राज्य हड़पने के विषय में सोचकर प्रसन्न हुआ।

(घ) 23 वर्ष।

5. निम्नलिखित पंक्तियों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए-

सिंहासन हिल उठे ..... सबने मन में ठानी थी।

संदर्भ-प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी हिन्दी पाठ्य-पाठ्य पुस्तक **आधार** के **सुभद्रा कुमारी** चौहान द्वारा रचित **झाँसी की रानी** नामक पाठ से ली गईं हैं।

प्रसंग-प्रस्तुत पंक्तियों में कवयित्री ने उस समय का वर्णन किया है जब भारत में सर्वत्र आजादी की लहर बह चली थी।

व्याख्या-अंग्रेजों के अत्याचारों से आहत हुए भारत में जब चोरों ओर से स्वतंत्रता की माँग हुई तब राजवंशों ने अंग्रेजों पर दृष्टी ढेढ़ी कर ली। उन्होंने "आराम त्याग दिया, अपने सिंहासन छोड़ दिए सभी एक जुट हो आजादी की माँग करने लगे। उस समय ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानों वर्षों से सोते हुए बूढ़े भारत में चेतना रूपी नई जवानी का प्रारम्भ हो गया हो, जो आजादी अंग्रेजी सैन्य बलों के अत्याचारों से कहीं गुम हो गई थी उस आजादी की कीमत अब सब ने पहचान ली थी। पूरे भारत ने यह मन में ठान लिया था कि इन फिरंगियों (अंग्रेजों) को यहाँ से दूर भाग देना है।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

बूढ़े	=	**बच्चे**	आई	=	**गई**
नकली	=	**असली**	नई	=	**पुरानी**
आजादी	=	**बन्धन**	राजमहल	=	**झोपड़ी**
दूर	=	**पास**	पुरानी	=	**नई**
खुशियाँ	=	**दुख**	रानी	=	**भिखारिन**
वीर	=	**कायर**	उदित	=	**अस्त**

2. निम्नलिखित शब्दों के गलत पर्यायवाची शब्दों पर (✓) का चिह्न लगाइए-

(क)	भारत	=	हिंदुस्तान	आर्यावर्त		**भरत**	✓
(ख)	तलवार	=	असि	**ढाल**	✓	खड्ग	
(ग)	पिता	=	**भर्ता** ✓	जनक		बाप	
(घ)	वेदना	=	**चोट** ✓	पीड़ा		कष्ट	

3. निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(क) दुर्ग = रानी को **दुर्ग** तोड़ना खेल लगता था।

(ख) वीरता = मेरे दादा जी प्रतिदिन **वीरता** की कहानियाँ सुनाया करते थे।

(ग) आह्वान = सैनिकों ने युद्ध से पूर्व माँ दुर्गा का **आह्वान** किया।

(घ) तत्काल = **तत्काल** भारतीय सैनिकों ने दुश्मन सेना पर हमला बोल दिया।

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

19 कितनी ज़मीन

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) ii. किसान से (ख) iii. कोलों की

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर दीजिए-

(क) दीना दरिया किनारे बसने की बात इसलिए सोचने लगा क्योंकि वहाँ की जमीन अच्छी थी और दीना यह चाहता था, कि अपना जीवन नए सिरे से नए स्थान से प्रारम्भ करें।

(ख) दीना ने यात्रा शुरू करने से पहले रुपये निकाले और टोपी पर गिनकर रख

दिए। फिर उसने पहना हुआ कोट उतार डाला और धोती को कस लिया। अँगोछे में रोटी रखी, आस्तीनें चढ़ाईं पानी का बन्दोबस्त किया, अपने आदमी से फौवड़ा लिया और चलने को तैयार खड़ा हो गया कुछ क्षण सोचता रह गया कि किस तरह से चलना बेहतर होगा।

(ग) रह-रह कर वह रात भर जमीन के बारे में ही सोच रहा था इसलिए उसे रात भर नींद नहीं आयी।

(घ) लालच के कारण दीना अपनी जान गँवा बैठा था और अपने लिए मात्र छह फुट जमीन ही कब्र के रूप में ले पाया था। दीना की इस लालच को देखकर सरदार पेट पकड़कर हँस रहा था।

(ङ) साधारण तंग और सँकरी सी जगह दीना को तब तक सोचेने पर मजबूर नहीं करती थी। जब तक उसने औरतों की बातें न सुनी थीं। परंतु दरिया किनारे की उम्दा जमीन का लालच उसे दरिया किनारे ले आता है। अपने इस लालच से भरे मूर्खता पूर्ण विचार के कारण वह अपनी जान और दिया गया धन दोनों ही गँवा देता है। किसी भी प्रकार की लालच मानव के मानवीय गुणों का हनन कर देती है। यदि दीना भी अपनी उसी तंग और संकरी जमीन पर रहकर खेती करता तो सुख पूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता था।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) बड़ी बहन का विवाह कस्बे में एक **सौदागर** से हुआ था।

(ख) **दरिया** के पास जमीन-ही-जमीन थी।

(ग) दुभाषिये ने कहा कि यही हमारे **सरदार** हैं।

(घ) दीना ने भी रुपये निकाले और **टोपी** पर गिनकर रख दिए।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

किसान	=	**हलवाहा**	**कृषक**
घर	=	**गृह**	**भवन**
नदी	=	**सरिता**	**सरि**
सवेरा	=	**सुबह**	**प्रातः**

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

तेज़	=	**धीरे**	साफ़	=	**गन्दा**
बाईं	=	**दाईं**	ज़्यादा	=	**कम**

3. निम्नलिखित वाक्यों में कारक-चिह्नों को शुद्ध करके वाक्यों को पुनः लिखिए-

(क) आओ, तुम्हें किताब दूँ।

(ख) पुल पर दो गाड़ियों में टक्कर हो गई।

(ग) राम के तीन भाई थे।

(घ) देवदत्त ने तीर चलाया।

(ङ) व्यवसाय से दोनों ही चिकित्सक थे।

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

1 प्रार्थना

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) ii. प्रकृति (ख) ii. मानव का (ग) ii. प्रातःकाल

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) इस कविता के रचयिता सुमित्रानन्दन पंत जी हैं।

(ख) प्रस्तुत कविता में कवि भय, संशय, अन्धभक्ति से दूर रहकर मानव सेवा करते हुए लोक कल्याण करके अपना जीवन सार्थक करने की कामना करता है।

(ग) सांसारिक जीवन में कवि उसे महान मानता है जो समान रूप में मानव मात्र का कल्याण करने वाला हो, संसार रूपी जीवन में जो दीर्घ काल तक रहने वाला हो; श्रेष्ठ सौन्दर्य से परिपूर्ण और हृदय में सत्य धारण करने वाला हो।

(घ) भय, संशय और अंध भक्ति जैसे दुर्गुण मानव सेवा या लोक कल्याण में बाधा हैं, इसलिए कवि इन दुर्गुणों से छुटकारा चाहता है।

(ङ) जिसके आचार-विचार में शालीनता, वाणी में मधुरता होती है, तथा जिसके हृदय में सत्यता होती है वह सौन्दर्यपूर्ण और सत्यप्राण है।

(च) कवि ऐसा प्रकाश बनने के लिए कह रहा है, जिसमें सम्पूर्ण प्राणी समाहित हो जाएँ जिससे जीवन में शक्ति प्राप्त हो तथा भय, शक, एवं बिना सोच विचार और अन्धविश्वास के किसी के प्रति निष्ठा रखने की भावना का विकास हो सके।

(छ) यदि सभी मानव एक-दूसरे के हित के लिए कार्य करें, तो मानव जाति का कल्याण हो सकता है।

(ज) संसार में मानव की सुख-समृदधि और लोक कल्याण ही 'नव जीवन' है।

3. कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए–

(क) जग-जीवन **में जो चिर-महान,**
सौंदर्यपूर्ण और सत्य-प्राण,

(ख) जिससे जीवन में मिले शक्ति,
छूटे **भय, संशय, अंधभक्ति,**

(ग) ला सकूँ विश्व में एक बार,
फिर से **नव जीवन का विहान।**

4. तुकांत शब्दों का सही मिलान कीजिए–

(क)	महान	(i)	परित्राण
(ख)	शक्ति	(ii)	निखिल
(ग)	भय	(iii)	प्राण
(घ)	विहान	(iv)	भक्ति
(ङ)	अखिल	(v)	संशय

5. निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए–

पाकर प्रभु तुमसे अमर दान,

करने मानव का परित्राण,
ला सकूँ विश्व में एक बार,
फिर से नव जीवन का विहान।

भाव-कवि कहता है कि हे प्रभु! तुमसे संसार के मनुष्य मात्र की पूर्ण रक्षा करने का अमर दान प्राप्त कर मैं कृतज्ञ हूँ। मुझे ऐसी शक्ति दो कि मैं एक बार पुनः नए जीवन का प्रातःकाल इस संसार में ला सकूँ, अर्थात मनुष्य को सुखी व समृद्ध बना सकूँ।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय जोड़कर लिखिए–

महान	=	**महानता**	मानव	=	**मानवता**	प्रभु	=	**प्रभुत्व**
प्रेम	=	**प्रेमपूर्वक**	मनुज	=	**मनुजता**	भक्त	=	**भक्ति**
सत्य	=	**सत्यता**	नव	=	**नवीन**			

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

अपेक्षा	=	**उपेक्षा**	भय	=	**निर्भय**	समय	=	**असमय**
हित	=	**अहित**	जीवन	=	**मरण**	प्रकाश	=	**अंधकार**
मानव	=	**दानव**	सत्य	=	**असत्य**			

3. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

शक्ति	=	**ऊर्जा**	**ताकत**	प्रकाश	=	**उजाला**	**रोशनी**
मानव	=	**मनुष्य**	**मनुज**	प्रभु	=	**परमात्मा**	**भगवान**
जग	=	**संसार**	**जगत**	विहान	=	**भोर**	**प्रातःकाल**

4. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए–

सत्य = **हमें सदैव सत्य बोलना चाहिए।**
हित = **हमें सबके हित का ध्यान रखना चाहिए।**
मानव = **मानव एक बुद्धिमान प्राणी है।**
जीवन = **हमें अपने जीवन में अच्छे कार्य करने चाहिए।**
शक्ति = **कार्य करने के लिए हमें शक्ति की आवश्यकता होती है।**
प्रकाश = **प्रकाश द्वारा अंधकार दूर हो जाता है।**
विहान = **विहान अंधकार का शत्रु है।**

5. निम्नलिखित शब्दों का समस्त पद लिखिए–

उदाहरण–

शिक्षा का अर्थी	–	**शिक्षार्थी**	तुलसी द्वारा कृत	–	**तुलसीकृत**
अकाल से पीड़ित	–	**अकालपीड़ित**	देश का प्रेमी	–	**देशप्रेमी**
दान में वीर	–	**दानवीर**	राह के लिए खर्च	–	**राहखर्च**
सभा के लिए भवन	–	**सभाभवन**	प्राणों से प्रिय	–	**प्राणप्रिय**
दही और बड़ा	–	**दही-बड़ा**			

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

2 हमारे तीर्थ

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) iii. ईश्वर की (ख) ii. अयोध्या को (ग) i. ब्रह्मा का

2. निम्नलिखित कथनों के सामने सत्य अथवा असत्य लिखिए–

(क) सत्य (ख) असत्य (ग) सत्य (घ) असत्य (ङ) सत्य

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) चार प्रमुख धाम जगन्नाथ पुरी, द्वारिका, बदरीनाथ तथा रामेश्वरम् हैं।

(ख) अयोध्या का शाब्दिक अर्थ मोक्ष नगरी है।

(ग) काशी को कपालमोचन तीर्थ इसलिए कहते हैं क्योंकि यहाँ पर शिवजी को कपाल रूपी भिक्षा-पात्र से ब्रह्मा जी के एक सिर की हत्या के पाप से मुक्ति मिली थी।

(घ) पुष्कर भारत का एक मात्र ऐसा तीर्थ है, जहाँ ब्रह्माजी का मंदिर है। पुराने मंदिर को धर्मांध औरंगजेब ने तुड़वा दिया था। वर्तमान मंदिर का निर्माण गोकुलचंद पारीख नामक सिंधिया के मंत्री ने सन् 1809 ई० में करवाया था। ब्रह्माजी के मंदिर में मूर्ति के चार सिर हैं। कहते हैं कि प्रारंभ में ब्रह्मा के पाँच सिर थे, किंतु शिवजी ने नाखून के आघात से एक सिर समाप्त कर दिया था।

(ङ) पद्म पुराण के अनुसार–एक बार देवताओं को राक्षसों ने बहुत तंग करना प्रारंभ कर दिया था। वे उन्हें पूजा-पाठ तथा यज्ञादि नहीं करने देते थे। देवताओं को राक्षसों से बचने का कोई उपाय न सूझा। ऐसी स्थिति में ब्रह्मा एक महायज्ञ के लिए उपयुक्त स्थान की खोज में निकले। जिस समय वे पुष्कर के निकट वन में विचरण कर रहे थे, वृक्षों ने उन पर पुष्पों की वर्षा कर उनका स्वागत किया। उस वन की सुंदरता पर ब्रह्मा ने मुग्ध होकर उनसे वरदान माँगने को कहा। वृक्षों ने उनसे सदैव वहीं रहने का अनुरोध किया। ब्रह्मा मान गए। एक दिन ब्रह्मा जी ने अपने कर के कमल को भूमि पर छोड़ दिया। उसकी भयंकर आवाज से पृथ्वी में कंपन हो गया। देवताओं द्वारा पूछे जाने पर ब्रह्मा ने बताया कि ब्रजनाभ नामक दैत्य उस क्षेत्र के बालकों को खा रहा था। उन्होंने मंत्र पढ़कर कमल द्वारा उसे मार दिया। जिस स्थान पर कमल गिरा, वह स्थान पुष्कर के नाम से विख्यात हो गया।

(च) अयोध्या के विषय में जनश्रुति है कि आज भी देवतागण इस पुण्यस्थली के दर्शनार्थ आते हैं।

(छ) अयोध्या को साकेत, कोशलनगर, विनीता, इक्ष्वाकु, भूमि, कोशल तथा श्रीरामपुरी जैसे अनेक नामों से पुकारा गया। यह मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद की जन्मस्थली है। अयोध्या स्मृति भवनों के लिए विख्यात है। यहाँ कही न कहीं रामकथा होती रहती है। अयोध्या के अखाड़े देशभर में प्रसिद्ध

हैं। निर्वाणी, निर्मोही, खाकी, दिगंबर, संतोषी, महानिर्वाणी, गूंदड़ आदि अखाड़े आज भी अपने अतीत को यथावत् बनाए हुए हैं।

(ज) अयोध्या परिक्रमाओं के लिए विख्यात है। यहाँ की चौरासी कोस की परिक्रमा प्रसिद्ध है। यह परिक्रमा चैत्र की पूर्णिमा से प्रारंभ होती है तथा वैशाख शुक्ल की नवमी तक चलती है अयोध्या में चौदह कोसी, परिक्रमा भी होती है जो कार्तिक मास में अक्षय नवमी से पूर्णिमा तक और श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया से पूर्णिमा तक संपन्न होती है। इसके अलावा अयोध्या में और भी उत्सव होते हैं। रथयात्रा आषाढ़ में, झूला श्रावण में, सरयू-स्नान परिक्रमा कार्तिक में, राम-विवाह अगहन में और रामनवमी चैत्र में। इन उत्सवों का धर्म लाभ उठाने भक्तजन दूर-दूर से आते हैं।

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) पुष्कर के **यज्ञ** कुंड के निकट अगस्त्य मुनि की तपस्थली है।

(ख) जिस स्थान पर कमल गिरा, वह स्थान **पुष्कर** के नाम से विख्यात हो गया।

(ग) भारत तीर्थों का **घर** है।

(घ) अयोध्या **परिक्रमाओं** के लिए भी विख्यात है।

(ङ) पुष्कर ही भारत का **एकमात्र** ऐसा तीर्थ है, जहाँ ब्रह्माजी का मंदिर है।

5. निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए–

(क) **हम ..... नहीं।**

भाव–विभिन्न तीर्थों का अपना-अपना महत्व है। हम तीर्थ को पवित्र मानकर तीर्थ यात्रा पर जाते हैं, परन्तु तीर्थ स्थानों पर ही सबसे अधिक चोरी और ठगी होती है। आज लोग पवित्र स्थल की पवित्रता को छोड़ धन कमाने का साधन ढूँढ़ने लगे हैं। यदि तीर्थ स्थलों की पवित्रता को देखना है तो प्रत्येक मानव मात्र स्वयं अपने मन को तीर्थ बना ले अर्थात् वह बुरे कार्य छोड़कर अपने हृदय को पवित्र बना ले तभी जीवन सफल हो सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है।

(ख) **धन्य हैं तीर्थ-स्थान, ... महान बना देते हैं।**

भाव–तीर्थ पवित्र स्थल होते हैं इन्हें मानव की मुक्ति का प्रतीक माना जाता है। तीर्थों की परिधि में प्रविष्ट मानव स्वयं को स्वर्ग के द्वार पर पाता है। इन सभी तीर्थ स्थानों की पवित्रता का किसी न किसी पवित्र आत्मा अर्थात ईश्वर का सम्बन्ध रहा है। धन्य हैं वे तीर्थ स्थान जिन्हें ईश्वर ने अपने आगमन या अवतरण से इतना पवित्र और महान बना दिया है कि ये मानव मात्र की मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बन गए हैं।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–

दुर्लभ	**दुष्प्राप्य**	वांछित	**इच्छित**	निराश	**दुखी**
सुयोग	**अच्छा अवसर**	योग्य	**लायक**	जग	**संसार**
आहुति	**बलि**	कनिष्ठ	**छोटा**	ज्येष्ठ	**बड़ा**

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

देवता	**दैत्य**	पुण्य	**पाप**	सुंदरता	**कुरूपता**
मुक्ति	**बंधन**	पवित्र	**अपवित्र**	धर्म	**अधर्म**

3. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया के नीचे रेखा खींचिए–

(क) काशी में ईश्वर जी रहते थे।

(ख) मेरे घर में एक मंदिर है।

(ग) उनके पास एक पुस्तक थी।

(घ) हैरानी आँखों की पलकों पर छाई हुई थी।

(ङ) पिंजरे के तोते ने जवाब दिया।

4. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए–

कुंड	**कुंडों**	भवन	**भवनों**	कथा	**कथाएँ**
मेला	**मेले**	मंदिर	**मंदिरों**	वृक्ष	**वृक्षों**

5. उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) हम उस **बँगले** में रहते हैं।

(ख) यह सड़क तीस **फीट** चौड़ी है।

(ग) इस **कारखाने** के मालिक आज नहीं आए हैं।

(घ) उसकी **आँखों** से पानी बह रहा है।

(ङ) अध्यापिका जी कक्षा के सारे **लड़कों** को बुला रही हैं।

6. निम्नलिखित वाक्यों में छपे रंगीन पद व्याकरण की दृष्टि से क्या हैं? लिखिए–

(क) जातिवाचक संज्ञा।

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा।

7. निम्नलिखित वाक्यों में छपे रंगीन शब्दों के कारक बताइए–

(क) संबंध कारक (ख) कर्ता कारक

(ग) अधिकरण कारक

8. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

ज्येष्ठ = **राम दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र थे।**

जनश्रुति = **जनश्रुति है कि आज भी देवतागण पुण्यस्थली अयोध्या के दर्शनार्थ आते हैं।**

धर्मांध = **मनुष्य को धर्मांध नहीं बनना चाहिए।**

ध्वस्त = **तूफान आने पर कभी-कभी इमारतें तक ध्वस्त हो जाती हैं।**

पुण्य = **हमें हमेशा पुण्य कर्म करने चाहिए।**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

3 महीनों की कहानियाँ

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) iii. रोमन (ख) i. अपने काम में शांति या सफलता पाने के लिए

(ग) ii. जुलाई

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) अंग्रेजी महीने मूलतः रोमन भाषा से उत्पन्न हैं। रोमवालों ने ही महीनों की यह गिनती चलाई और इनकी कहानियाँ भी रोमन लोगों और उनके देवों और व्यक्तियों से ही संबंध रखती हैं।

(ख) जेनस एक अजीब सूरत वाला देवता है, जिसके दो सिर हैं और एक ही समय वह आगे और पीछे देख सकता है। इसके बाएँ हाथ में कुंजी है। उसके नाम पर जनवरी महीने का नाम पड़ा।

(ग) फरवरी का नामकरण रोमन लोगों के 'फेब्रुआ' नामक त्योहार पर पड़ा।

(घ) मार्स में अपार शक्ति होने के कारण वह रोमनों का युद्ध देवता था युद्ध देवता होने के कारण रोमन लोग मार्स की पूजा करते थे।

(ङ) अप्रैल का मतलब है 'दरवाजा खोलना'।

(च) कुछ लोगों का कहना है, कि जून का नाम जूनो देवी के नाम पर पड़ा है। कुछ कहते हैं, कि रोम के प्रसिद्ध जूनियस परिवार पर पड़ा।

(छ) औगस्ट्स जूलियस सीजर का पोता था वह अपने बाबा की तरह ही प्रतापी और महान था। पहले इसका नाम ओक्टोवियस था लेकिन इसे खुश करने के लिए रोमनों ने औगस्ट्स महान कहना शुरू किया और आठवें महीने का नाम 'अगस्त' इसी पर रखा। औगस्ट्स का युग स्वर्ण युग था।

(ज) दिसंबर के महीने के साथ प्रसिद्ध संत सांता क्लॉज की मूर्ति की कल्पना की जाती है।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) आज **अंग्रेजी महीने** हिंदुस्तान के गाँव-गाँव में फैल गए हैं।

(ख) जेनस एक ऐसा देवता है, जिसके **दो सिर** हैं।

(ग) जुलूस में **जनवरी** के पीछे फरवरी है।

(घ) यह रोमनों का युद्ध देवता **मार्स** है।

(ङ) जूलियस सीजर के पीछे उसका पोता **औगस्ट्स** आ रहा है।

(च) महीनों के **जुलूस** का यह आखिरी आदमी बच्चों का सबसे **प्यारा** और **पूज्य** है।

4. उदाहरण के अनुसार बारह महीनों के नाम लिखिए तथा प्रत्येक महीने के सामने उसके दिनों की संख्या लिखिए–

(क) जनवरी 31 दिन (ख) फरवरी 28 या 29 दिन

(ग) मार्च 31 दिन (घ) अप्रैल 30 दिन

(ङ) मई 31 दिन (च) जून 30 दिन

(छ) जुलाई 31 दिन (ज) अगस्त 31 दिन

(झ) सितम्बर 30 दिन (ञ) अक्टूबर 31 दिन

(ट) नवम्बर 30 दिन (ठ) दिसंबर 31 दिन

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए–

आरंभ	=	**शुरू**	विद्यालय	=	**पाठशाला**	माह	=	**महीना**
तुरंग	=	**घोड़ा**	घर	=	**गृह**	मुलायम	=	**नरम**
व्योम	=	**आकाश**	लोकप्रिय	=	**प्रसिद्ध**			

2. उचित क्रिया-शब्दों का प्रयोग करके वाक्य पूरे कीजिए–

(क) रोमवालों ने ही यह गिनती **चलाई**। **(चलना)**

(ख) वह एक ही समय में आगे-पीछे **देख सकता है**। **(देखना, सकना)**

(ग) उसने दोनों की ओर इशारा **किया**। **(करना)**

(घ) अप्रैल के पीछे एक देवी **आ रही है**। **(आना)**

(ङ) यह सातवाँ महीना **कहलाता** था। **(कहलाना)**

3. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग छाँटकर लिखिए–

सुयोग	=	**सु**	नियुक्त	=	**नि**	अनुमान	=	**अनु**
अप्रसन्न	=	**अ**	बेखटके	=	**बे**	अदृश्य	=	**अ**
अतिशय	=	**अति**	प्रतिदिन	=	**प्रति**	अधिकार	=	**अधि**
उपमंत्री	=	**उप**						

4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए–

(क) अभ्यर्थना = **मैं आपसे अभ्यर्थना करता हूँ।**

(ख) दिलचस्प = **मुझे यह कहानी बड़ी दिलचस्प लगी।**

(ग) अजीब = **वह कितना अजीब दिखता है।**

(घ) ईर्ष्यालु = **ईर्ष्यालु व्यक्ति सबसे ईर्ष्या करते हैं।**

(ङ) उत्पन्न = **कूड़े के सड़ने से दुर्गंध उत्पन्न होती है।**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

4 हार की जीत

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) i. सुलतान (ख) iii. खड्गसिंह (ग) i. हाँ

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) बाबा भारती को अपना घोड़ा देखकर आनंद आता था।

(ख) बाबा भारती सुलतान के बिना नहीं रह सकते थे क्योंकि बाबा भारती को यह भ्रांति सी हो गई थी कि वे सुल्तान के बिना नहीं रह सकते। बाबा भारती सुल्तान की चाल पर लट्टू थे। संध्या समय जब तक वे आठ-दस मील का चक्कर न लगा लेते उन्हें चैन न आता था। भगवान के भजन से जो भी समय बचता था वह उस घोड़े को अर्पण था। अतः वह उसके बिना नहीं रह सकते थे।

(ग) सुलतान को पाने के लिए खड्गसिंह से अपाहिज का वेश धारण किया और बाबा से मदद माँगी जब बाबा ने उसे घोड़े पर बैठाया तो वह बाबा को धोखा देकर सुलतान को ले गया।

(घ) बाबा भारती ने खड्गसिंह से अनुरोध किया कि इस घटना (अपाहिज बनकर धोखे से सुलतान घोड़े को छीन लेना) को किसी के सामने प्रकट न करना क्योंकि यदि "लोगों को इस घटना का पता लग गया तो वे किसी दीन-दुखी पर विश्वास न करेंगे।"

(ङ) बाबा भारती के द्वारा किए गए अनुरोध और उसके उत्तर को सुनकर खड्ग सिंह यह मानने पर मजबूर हो गया कि ऐसा मनुष्य, मनुष्य नहीं देवता ही है जो प्रिय वस्तु को भी त्यागकर दीन दुखियों के विषय में ही सोचता हो। इस प्रकार सोचते हुए खड्गसिंह अपनी आँखों में नेकी के आँसू भरे हुए सुलतान को अस्तबल में ही छोड़ आता है।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) वह घोड़ा बड़ा **सुन्दर** था, बड़ा **बलवान**।

(ख) वे उसकी **चाल** पर लट्टू थे।

(ग) **खड्गसिंह** उस इलाके का प्रसिद्ध **डाकू** था।

(घ) बाबा जी भी **मनुष्य** ही थे।

(ङ) इस समय उसकी आँखों में **नेकी** के **आँसू** थे।

4. निम्नलिखित का भाव स्पष्ट कीजिए–

घोर .....बना दिया।

भाव–बाबा भारती का घोड़ा सुल्तान उनके पास न था परंतु स्नान करते ही वे अस्तबल की तरफ चल पड़े दरवाजे पर पहुँचकर उन्हें भूल प्रतीत हुई और अत्यधिक निराशा ने उनके पाँव वहीं रोक दिए उनके पैर न उठते थे। निराश मन अस्तबल में जाने से रोकते हुए उनके बढ़ते पाँवों को मन-मन भर का भारी बना रहा था।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

सुंदर	=	**कुरुप**	बलवान	=	**निर्बल**	घृणा	=	**प्रेम**
प्रसन्न	=	**अप्रसन्न**	प्रसिद्ध	=	**अप्रसिद्ध**	उत्तर	=	**प्रश्न**
प्रशंसा	=	**निंदा**	पश्चात्	=	**पूर्व**	रात	=	**दिन**
सावधान	=	**असावधान**						

2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए–

सहस्र	=	**हजार**	भ्रांति	=	**भ्रम**	छवि	=	**चित्र**
आरंभ	=	**शुरू**	आश्चर्य	=	**अचम्भा**	ख्याल	=	**ध्यान**

3. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–

चोथा	=	**चौथा**	अँधकार	=	**अंधकार**
हृदय	=	**हृदय**	भ्राँति	=	**भ्रांति**

4. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

जान छिड़कना = **अत्यधिक चाहना।**

बाबा सुल्तान पर जान छिड़कते थे।

हृदय पर साँप लोटना = **ईर्ष्या होना।**

सपना के घर की सुख शान्ति देखकर कमला के हृदय पर साँप लोटते थे।

आँखों में चमक आना = **बहुत खुशी होना।**

घोड़े को पुनः देखकर बाबा भारती की आँखों में चमक आ गई।

धोखा देना = **छल कपट करना**

डाकू ने अपाहिज का वेश बनाकर बाबा भारती को धोखा दिया।

मुँह न मोड़ना = **पीछे न हटना**

किसी की सहायता के समय मुँह न मोड़ना चाहिए।

5. 'प्रसन्नता' शब्द 'प्रसन्न' में 'ता' प्रत्यय जोड़कर बना है और 'मनुष्यत्व' 'मनुष्य' में 'त्व' प्रत्यय जोड़कर।

'ता' और 'त्व' प्रत्यय जोड़कर पाँच-पाँच शब्द बनाइए–

मनुजता	सफलता	सामाजिकता	सुंदरता	विफलता
व्यक्तित्व	प्रभुत्व	महत्व	अपनत्व	घनत्व

6. वाक्य में मूल क्रिया मुख्य अर्थ देती है और दूसरी क्रिया उस अर्थ को नई अभिव्यक्ति। इस दूसरी क्रिया को 'रंजक क्रिया' कहते हैं।

उदाहरण–रमन चिल्ला उठा। मैंने जाने का मन बना लिया। इन वाक्यों में 'चिल्लाना' और 'बनाना' मूल क्रियाएँ हैं जो मुख्य अर्थ देती हैं। 'उठना' तथा 'लेना' रंजक क्रियाएँ हैं, जो अर्थ को नई अभिव्यक्ति दे रही हैं।

निम्नलिखित वाक्यों में से रंजक क्रियाएँ छाँटिए–

(क)	शोर सुनकर वह जाग उठा।	**उठा**
(ख)	तुमने तो मुझे ही चौंका दिया।	**दिया**
(ग)	उसे भूख लग आई।	**आई**
(घ)	मुझे माँ की याद आने लगी है।	**लगी**
(ङ)	तुम भी बढ़-बढ़कर बोलने लगे।	**लगे**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

5 आया प्रभात

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) ii. प्रकाश से (ख) i. रात-दिन

(ग) iii. सूर्य की किरणों की वर्षा (घ) i. मनोहर सुगंध

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) प्रातःकाल होने पर जीवन में नई उमंग भर गई है।

(ख) 'तन-मन तरल होने' का आशय है–सुनहरी किरणों में तन-मन का भीग जाना।

(ग) दिन और रात सौंदर्य में नहाए हुए हैं।

(घ) धरती पर अनेक ऋतुएँ होती हैं। अतः धरती को ऋतुमती अर्थात् ऋतुओं से युक्त कहा गया है।

(ङ) 'परिवर्तन जीवन का नियम है', जिस प्रकार कविता में रात्रि के बाद प्रभात हुआ है और प्रभात होते ही प्रकृति में परिवर्तन होने शुरू हो गए हैं उसी प्रकार जीवन में भी दुख के बाद सुख और सुख के बाद दुख आता है।

(च) प्रभात होने पर सभी दिशाओं में सुगंध फैल गई।

3. कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए–

(क) सज **गया धरातल अंबर** तल
हो गई दृष्टि की गति अपार।

(ख) कंचन-वर्षा **होती अविरल**
तन-मन हो जाता तरल-तरल
सब **दृश्य नवल होते पल-पल**
ऐसा प्रभात।

(ग) उसकी **छवि का नूतन विकास**
नव अलंकार अभिनव सुहास
दिग्दिक **व्यापी मंजुल सुवास।**

4. कविता से निम्नलिखित अर्थों वाली पंक्तियाँ पहचानकर लिखिए–

(क) जिसमें जीवन का लास-हास।

(ख) जिसमें भव की द्युति का प्रसार।

(ग) कंचन-वर्षा होती अविरल।

(घ) दिग्दिक व्यापी मंजुल सुवास।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

आया	=	**गया**	प्रभात	=	**सायं**	प्रकाश	=	**अंधकार**
धरातल	=	**रसातल**	नया	=	**पुराना**	जीवन	=	**मरण**
हास	=	**रुदन**	रात	=	**दिन**	दृश्य	=	**अदृश्य**
नवल	=	**प्राचीन**						

2. दिए गए तत्सम-तद्भव शब्दों को उचित स्थान पर लिखिए–

तत्सम शब्द	**तद्भव शब्द**	**तत्सम शब्द**	**तद्भव शब्द**
सौंदर्य	बारिश	रात्रि	सूरज
नव	दिन	वर्षा	धरती

3. 'अलंकार', 'कंचन' शब्दों में अनुस्वार का प्रयोग ङ्, ञ् नासिक्य ध्वनियों के स्थान पर हुआ है। अनुस्वार के बाद जिस वर्ग का व्यंजन हो, उसी वर्ग का पंचम वर्ण अनुस्वार के रूप में हो जाता है।

निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार के स्थान पर नासिक्य ध्वनि (पंचम वर्ण) लिखिए–

अंबर	**म्**	अंक	**ङ्**	सुंदर	**न्**
ठंडक	**ण्**	मंजन	**ञ्**	सुगंध	**न्**

4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

सोना	–	**स्वर्ण, कंचन**	पृथ्वी	–	**धरा, भू**
आकाश	–	**अंबर, आसमान**	बिजली	–	**विद्युत, चपला**
रात	–	**रात्रि, निशा**			

5. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए–

मछली – **म् + अ + छ् + अ + ल् + ई**
प्रभात – **प् + र् + अ + भ् + आ + त् + अ**
अभिनव – **अ + भ् + इ + न् + अ + व् + अ**
अंबर – **अ + म् + ब् + अ + र् + अ**

6. निर्देशानुसार सर्वनाम से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) **वे** यहाँ कब पहुँचेंगे।
(ख) अपना गृहकार्य **स्वयं** करो।
(ग) दीवार पर **कुछ** चिपका है।
(घ) तुम लोग अब तक **क्या** कर रहे थे?
(ङ) जिसकी पुस्तक है **उसे** बुलाओ।
(च) **यह** मेरा विद्यालय है।

7. रेखांकित शब्दों का संज्ञा-भेद लिखिए–

हो गई **दृष्टि** की गति अपार	**भाववाचक संज्ञा**
आया **प्रभात** दिन और रात	**भाववाचक संज्ञा**
सौंदर्य-स्नात	**भाववाचक संज्ञा**
उसकी **छवि** का नूतन विकास	**भाववाचक संज्ञा**

8. कविता से कुछ अन्य भाववाचक संज्ञाएँ ढूँढ़कर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखिए।

प्रकाश, गति, जीवन, प्रसार, दृश्य, परिवर्तन।

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

6 दो महान व्यक्ति

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) i. मैदान में (ख) iii. संपन्न (ग) iii. 1945 में

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) इंग्लैंड में सर्दी के मौसम में धरती, मकान और पेड़-पौधों पर बर्फ की पतली चादर-सी बिछ जाती है।

(ख) बचपन में एक बार बर्फ जमे एक तालाब पर विंस्टन चर्चिल अपने मित्रों के साथ खेल रहे थे। अकस्मात् उनके पैरों के नीचे की बर्फ में दरार पड़ गई और वह धीरे-धीरे उसमें डूबने लगे। उन्होंने 'बचाओ, बचाओ' की आवाज लगाई। कुछ दूरी पर खेलता उनका बाल-मित्र आवाज सुनकर दौड़ा आया और उसकी दोनों बाँहें पकड़कर उन्हें ऊपर की ओर खींचने लगा। वह बड़ी कठिनाई से उन्हें ऊपर खींच पाया। इस प्रकार वे आकस्मिक मृत्यु के मुख से निकाल लिए गए।

(ग) फ्लेमिंग के मित्र को उसकी याद के साथ-साथ यह बात भी सता रही थी कि 'उस मित्र के किए गए उपकार का बदला जब तक वह नहीं चुकाएगा तब तक वह स्वयं को एक कृतघ्न ऋणी महसूस करता रहेगा, इसी कारण वह कालांतर में फ्लेमिग की खोज में निकला था।

(घ) फ्लेमिंग की डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने की इच्छा को उसके मित्र ने पूरा किया।

(ङ) फ्लेमिंग को नोबेल पुरस्कार से सन् 1945 में, पेनिसिलीन के आविष्कार के लिए सम्मानित किया गया।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) कुछ बच्चे आपस में **भाग-दौड़** कर रहे थे।

(ख) उसने **बचाओ-बचाओ** की आवाज लगाई।

(ग) उस **प्राणदायी** मित्र का नाम था, **अलेक्जेंडर** फ्लेमिंग।

(घ) वह तो अकस्मात् **स्वाभाविक प्रतिक्रिया** थी।

(ङ) इसी शोध के फलस्वरूप उसने **पेनिसिलीन** का आविष्कार किया।

(च) **पेनिसिलीन** ही उसके रोग का एकमात्र इलाज है।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

शत्रु	=	**मित्र**	अपकार	=	**उपकार**	कृतज्ञ	=	**कृतघ्न**
उऋण	=	**ऋणी**	पतली	=	**मोटी**	जीवन	=	**मृत्यु**
दुर्भाग्य	=	**सौभाग्य**	विपन्न	=	**संपन्न**	स्वाभाविक	=	**अस्वाभाविक**
प्रारंभ	=	**अन्त**						

2. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए–

मौसम	=	**ऋतु**	पेड़	=	**तरु**	धरती	=	**धरा**
घर	=	**भवन**	व्यक्ति	=	**नर**	मित्र	=	**सखा**
तालाब	=	**सरोवर**	आवाज	=	**स्वर**	समृद्ध	=	**अमीर**
नवीन	=	**नया**						

3. निम्नलिखित वाक्यों को उचित कारक-चिह्नों द्वारा पूर्ण कीजिए–

(क) इंग्लैंड **में** सर्दी **का** मौसम था।

(ख) पेड़-पौधों **पर** बर्फ **की** चादर-सी बिछ गई थी।

(ग) बच्चे बाहर **के** मैदान **में** खेल रहे थे।

(घ) कुछ दूरी **पर** खेलता उस **का** बाल-मित्र दौड़कर आया और उस **की** दोनों बाँहें

पकड़कर उसे ऊपर **की** ओर खींचने लगा।

(ङ) अपने बचपन **के** मित्र **को** अकस्मात् सामने देखकर उस **की** खुशी **का** ठिकाना न रहा।

(च) इसी दवा **के** उपचार **से** उसका रोग जाता रहा।

4. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए–

(क)	सर्वोच्च	**सर्व + उच्च**	(ख)	कालांतर	**काल + अंतर**
(ग)	समुचित	**सम् + उचित**	(घ)	देवेश	**देव + ईश**
(ङ)	प्रत्युपकार	**प्रति + उपकार**			

5. नीचे दिए शब्द-युग्मों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

(क) आदि – अभिज्ञान शाकुंतलम्, मेघदूत **आदि** रचनाएँ कालीदास की हैं।
आदी – रमेश सुबह अखबार पढ़ने का **आदी** है।

(ख) अन्न – पक्षी अन्न का दाना देख पेड़ से नीचे आ गया।
अन्य – अन्न के दानों को बिखरा देख कबूतर के साथ-साथ **अन्य** पक्षी भी वहाँ आ गए।

(ग) कुल – एक बाग में आम के **कुल** 25 वृक्ष थे।
कूल – नदी कूले वृक्ष हैं।

(घ) आकर – भारत में सोने के अनेक **आकर** (खान) हैं।
आकार – लड्डू का **आकार** हमेशा गोल ही होता है।

(ङ) प्रसाद – मंदिर में हलुआ-पूड़ी का **प्रसाद** चढ़ा था।
प्रासाद – प्राचीन **प्रासाद** के खण्डर उस के सौन्दर्य का वर्णन स्वयं ही करते हैं।

(च) कर्म – कर्म करना ही मानव का सबसे बड़ा धर्म है।
क्रम – बच्चे संख्याओं को **क्रम** से लिख रहे थे।

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

7 वन : हमारी अमूल्य संपदा

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) iii. दोनों रूप में (ख) ii. अशुद्ध वायु (ग) i. जनसंख्या विस्फोट

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) हमारे आस-पास, चारों तरफ जो वातावरण हमें दिखाई देता है उसे पर्यावरण कहते हैं। स्वस्थ और सुखी मानव जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण आवश्यक है।

(ख) प्राचीन भारतीय ग्रंथों में वनों की महिमा के अनेक उल्लेख उपलब्ध हैं। अथर्ववेद में वनों को समस्त सुखों का स्रोत कहा गया है। गीता में श्रीकृष्ण ने वृक्ष को ईश्वर की विभूति कहकर उसका महत्व स्पष्ट किया है। अग्नि पुराण में वृक्षों

को काटने का निषेध किया गया हैं क्योंकि वे परिवार की सुख-समृद्धि के आधार हैं। मत्स्यपुराण में एक वृक्ष को दस पुत्रों के बराबर बताया गया है।

(ग) प्राचीन काल में वनों में गुरुकुलों की स्थापना इसलिए की जाती थी क्योंकि इसके पीछे यह विचार था कि प्रकृति से संबंध बना रहे।

(घ) कुछ वृक्ष लगाने से मानसिक कष्ट दूर होते हैं। इसी कारण भारतीय संस्कृति में कुछ पेड़-पौधे; जैसे–'पीपल, आँवला, विल्व (बेल), तुलसी, केला आदि पूजनीय माने गए हैं।'

(ङ) हरे पेड़-पौधों को हरा सोना कहते हैं।

(च) वनों में पाए जाने वाले पेड़-पौधे वातावरण की अशुद्ध एवं हानिकारक वायु को स्वयं पचाकर हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं। ये भूमि को अधिक तप्त होने से रोकते हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि भू-तल पर वृक्ष न होते तो पृथ्वी का तापमान बढ़कर इतना अधिक हो जाता कि ध्रुवीय प्रदेशों पर जमी बर्फ पिघल जाती। उस बर्फ के पिघलने से पृथ्वी पर जल की मात्रा इतनी अधिक हो जाती कि पृथ्वी उसमें समा जाती। तब न पृथ्वी पर मानव रह पाता, न पशु-पक्षी और न वनस्पति-जगत ही।

(छ) वनों से हमें अनेक लाभ होते हैं। वनों में लगे पेड़ वर्षा में सहायक होते हैं। वृक्षों की घूमती हुई शाखाएँ श्याम मेघमालाओं को जलवृष्टि का निमंत्रण देती हैं। वृक्षों की जड़ें पानी के तेज बहाव को रोकती हैं, जिनसे भूमि संरक्षण में सहायता मिलती है। तेज बहाव रुकने से भूमि की उर्वराशक्ति सुरक्षित रहती है।

3. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–

पेड़-पौधे वातावरण की अशुद्ध एवं हानिकारक **वायु** को स्वयं पचाकर हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं। ये **भूमि** को अधिक तप्त होने से बचाते हैं। वैज्ञानिकों का **अनुमान** है कि यदि **भू-तल** पर वृक्ष न होते तो **पृथ्वी** का तापमान बढ़कर इतना अधिक हो जाता कि **ध्रुवीय** प्रदेशों पर जमी बर्फ पिघल जाती। उस बर्फ के पिघलने से पृथ्वी पर **जल** की मात्रा इतनी अधिक हो जाती कि पूरी पृथ्वी उसमें समा जाती। तब न पृथ्वी पर **मानव** रह पाता, न पशु-पक्षी और न वनस्पति-जगत ही कायम रह पाता।

4. निम्न पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए–

(क) **पर्यावरण ..... संबंध है।**

भाव : पर्यावरण का मानव जीवन पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है। अपनी समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मानव पर्यावरण पर निर्भर है। इसी कारण पर्यावरण का मानव जीवन से घनिष्ठ संबंध है।

(ख) **वनों ..... कहा गया है।**

भाव-वनों से प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से लाभ होते हैं। वृक्ष वातावरण की अशुद्ध और हानिकारक वायु को स्वयं ही पचा लेते हैं। और वातावरण को शुद्ध बनाए रखने का उत्तरदायित्व निभाते हैं। इन्हीं से ही वर्षा और मौसम का संतुलन बना रहता है। वन आदिकाल से ही जीवन निर्वाह हेतु आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के प्रमुख साधन रहे हैं। वर्षा करने में तथा भूमि संरक्षण में

वन ही सहायक है। इसलिए वनों को समस्त सुखों का स्त्रोत कहा गया है।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–

शीतल	**ठंडा**	विविध	**विभिन्न**	अतिरिक्त	**अलावा**
सुलभ	**आसान**	संकट	**विपत्ति**	निषेध	**मना**

2. शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–

प्रोत्साहीत	**प्रोत्साहित**	वृक्षरोपण	**वृक्षारोपण**	वैग्यानिक	**वैज्ञानिक**
अधांधुंध	**अंधाधुंध**	समाजिक	**सामाजिक**	सतुंलन	**संतुलन**

3. निम्नलिखित के साथ उपयुक्त उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए–

सुलभ	**सु**समाचार	**स**जग
उपकप्तान	**आ**जीवन	**स**हित
सुलेख	**स**जीव	

4. निम्नलिखित के विलोम शब्द लिखिए–

(क) शत्रु → **मित्र** (ख) बाहर → **अंदर**

(ग) नापसंद → **पसंद** (घ) नया → **पुराना**

(ङ) अवास्तविक → **वास्तविक**

5. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए–

(क)	जिसमें धैर्य न हो	**अधीर**
(ख)	जिस पर विश्वास न किया जा सके	**अविश्वसनीय**
(ग)	जिसका कोई शत्रु न हो	**अजातशत्रु**
(घ)	दूर की सोचने वाला	**दूरदर्शी**
(ङ)	जिसके पास कुछ भी न हो	**अकिंचन**
(च)	जो क्षमा के योग्य हो	**क्षम्य**
(छ)	जो क्षमा के योग्य न हो	**अक्षम्य**

6. निम्नलिखित के अर्थ लिखकर उनका प्रयोग अपने वाक्यों में कीजिए–

(क) समान **बराबर**

मेरे दोनों पुत्र मेरे लिए एक समान है।

(ख) सुलभ **सरलता से प्राप्त**

वृक्ष लगाने से सभी को शीतल छाया सुलभ होगी।

(ग) व्यापक **दूर तक फैला हुआ।**

सामाजिक वानिकी संपूर्ण देश में वृक्षारोपण का व्यापक कार्यक्रम है।

(घ) संवर्धन **बढ़ोतरी**

वृक्षों के संवर्धन के लिए हमें बहुत अधिक प्रयास करने चाहिए।

(ङ) पर्यावरण **चारों ओर का वातावरण**

पर्यावरण का मानव जीवन से घनिष्ठ संबंध है।

(च) अभाव **कमी**

पेड़-पौधों के अभाव में पर्यावरण संतुलन बिगड़ जाएगा।

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

8 प्रेरक प्रसंग

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) i. वह ईश्वर की बनाई हुई है। (ख) ii. निर्धन एवं अनाथों की सेवा में।

(ग) ii. भारत

2. निम्नलिखित कथनों के सामने सत्य अथवा असत्य लिखिए–

(क) असत्य (ख) असत्य (ग) सत्य (घ) सत्य (ङ) असत्य

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) हमारे भारत देश के प्रथम राष्ट्रपति का नाम डॉ० राजेन्द्र प्रसाद है।

(ख) डॉ० राजेंद्र प्रसाद ने देश की मिट्टी को नियामत कहा क्योंकि मिट्टी से हम बहुत-सी चीजें बना सकते हैं परंतु मिट्टी को हम नहीं बना सकते वह तो ईश्वर ने ही बनाई है।

(ग) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद से मिलने आए विदेशी अतिथि का मन उनकी महानता और प्रशंसा से भर उठा।

(घ) विदेशी अतिथि को जब ईश्वर की नियामत मिट्टी के नाचीज होने के स्थान पर अनमोल होने का पता चला तो उसका सिर शर्म से झुक गया।

(ङ) स्वामी रामतीर्थ के पास आई महिला का पुत्र चल बसा था। वह दुखी थी तथा आनंद की प्राप्ति न होने कारण निराश थी।

(च) स्वामी जी ने महिला को समझाया कि निर्धन और अनाथों की सेवा में ही सच्चा आनंद है।

(छ) विनोबा जी ने छात्रों को समझाया कि देश को जोड़ने के लिए मानव-मानव को जुड़ना जरूरी है। देश में मनुष्यों में मत भेद तो हो पर मन भेद न हो तो देश स्वतः ही उन्नत होगा।

(ज) आचार्य बिनोवा भावे के अनुसार यदि देश को जोड़ना है तो पहले मानव को जोड़ना होगा। मानव-मानव जुड़ेगा तो देश स्वतः ही जुड़ जाएगा।

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) वह विदेशी **डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद** के मित्र थे।

(ख) वह तो **ईश्वर** की बनाई हुई है।

(ग) मैं काफी **हताश** हो गई हूँ।

(घ) **निर्धन** व **अनाथों** की सेवा में ही सच्चा आनंद है।

(ङ) मैंने **मनुष्य** को जोड़ा तो **भारतवर्ष** का चित्र अपने आप बन गया।

5. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए–

(क) **आनंद ..... नहीं चलते।**

भाव–रुपये-पैसे से आनंद या खुशी को नहीं प्राप्त किया जा सकता। आनंद या खुशी प्राप्त करने के लिए तो दीन-दुखियों, निर्धन व अनाथों की सेवा करनी पड़ती है।

(ख) **मानव ..... जुड़ जाएगा।**

भाव–यदि देश को एकता के सूत्र में बाँधना है तो सभी मनुष्यों को भाईचारे से एकजुट होना पड़ेगा। जब देश का मानव-मानव जुड़ जाएगा तो देश अपने आप ही एकजुट हो जाएगा।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए–

विदेशी = **व् + इ + द् + ए + श् + ई**

प्रसन्नता = **प् + र् + अ + स् + अ + न् + न् + अ + त् + आ**

वार्तालाप = **व् + आ + र् + त् + आ + ल् + आ + प् + अ**

महिला = **म् + अ + ह् + इ + ल् + आ**

मानचित्र = **म् + आ + न् + अ + च् + इ + त् + र् + अ**

मानवीय = **म् + आ + न् + अ + व् + ई + य् + अ**

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

विदेशी	=	**स्वदेशी**	प्रथम	=	**अन्तिम**	मित्र	=	**शत्रु**
बाहर	=	**अन्दर**	सज्जन	=	**दुर्जन**	अंदर	=	**बाहर**
शिक्षित	=	**अशिक्षित**	दुखी	=	**सुखी**	आनंद	=	**विषाद**
अनाथ	=	**सनाथ**	जोड़ने	=	**घटाने**	उन्नत	=	**अवनत**

3. निम्नलिखित प्रत्ययों का प्रयोग करके दो-दो शब्द बनाइए–

ता	=	**सफलता**	**मधुरता**	दार	=	**हवादार**	**चौकीदार**
ईय	=	**मानवीय**	**भारतीय**	पन	=	**बचपन**	**लड़कपन**
वान	=	**बलवान**	**धनवान**	आवट	=	**मिलावट**	**लिखावट**
मान	=	**सम्मान**	**शक्तिमान**	आहट	=	**घबराहट**	**सरसराहट**

4. उचित क्रिया-रूप द्वारा वाक्य पूर्ण कीजिए–

(क) थोड़ी देर इंतजार करना **पड़ा**।

(ख) इन सबका प्रयोजन समझ में न **आया**।

(ग) क्या मुझे कभी आनंद **मिलेगा**?

(घ) महिला ने बच्चा स्वीकार **कर लिया**।

(ङ) भारत का मानचित्र **बनाना** है।

5. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी रूप लिखकर वाक्य बनाइए–

इंतजार = **प्रतीक्षा**

छात्रों को कक्षा में अध्यापक के आने का इंतजार था।

नियामत = **अमूल्य संपत्ति**

मिट्टी ईश्वर की नियामत है।

मुलाकात = **भेंट**

विदेशी अतिथि की मुलाकात डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद से हो गई थी।

नाचीज = **महत्वहीन**

विदेशी अतिथि मिट्टी को नाचीज समझता था।

हताश = **निराश**

महिला अपने पुत्र की मृत्यु के कारण हताश थी।

6. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए–

वायु	=	**हवा**	**पवन**	**समीर**
मित्र	=	**सखा**	**दोस्त**	**मीत**
भगवान	=	**प्रभु**	**ईश्वर**	**परमात्मा**

7. 'नाचीज' शब्द में 'ना' उपसर्ग है तथा 'अनमोल' शब्द में 'अन' उपसर्ग है। आप 'ना' और 'अन' उपसर्ग लगाकर तीन-तीन शब्द बनाइए–

ना	**नापसंद**	**नादान**	**नामुमकिन**
अन	**अनमोल**	**अनपढ़**	**अनजान**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

9 जैसी संगति बैठिए

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) ii. सामाजिक (ख) i. मातृभाषा (ग) iii. वन अधिकारियों ने

(घ) ii. दया, परोपकार, साहस, विवेक आदि गुण आ जाते हैं

(ङ) ii. पंडित रामचंद्र शुक्ल ने

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) मनुष्य को सामाजिक प्राणी इसलिए कहा जाता है क्योंकि मनुष्य समाज में ही जन्म लेता है, पलता और बढ़ता है। जिस प्रकार के लोगों के बीच वह रहता है उसी का प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रभाव उस पर पड़ता है।

(ख) सत्संगति में रहने पर मनुष्य में सद्वृत्तियों का विकास संभव है।

(ग) बुरे लोगों के साथ से मनुष्य के अंदर भी बुरी आदतें पनपने लगती हैं।

(घ) हमें अच्छे लोगों के साथ इसलिए रहना चाहिए क्योंकि ऐसे लोगों के साथ से हमारे अंदर भी अच्छी आदतें आती हैं।

(ङ) मित्र ऐसा होना चाहिए जिसके गुणों का न केवल हम मान करें, अपितु वे सबको लुभाने में समर्थ हों।

(च) बंगाल में एक नन्ही बालिका को भेड़िया उठा ले गया था। कुछ वर्ष बाद वन-अधिकारियों ने उस बालिका को भेड़िए के शिकंजे से मुक्त कराया। परंतु इन कुछ वर्षों में वह बालिका भेड़ियों की भाँति चलना-फिरना, खाना तथा आवाज निकालना सीख गई थी। शुरू-शुरू में तो चिकित्सकों तथा मनोवैज्ञानिकों ने उसे आम मनुष्यों की भाँति रखने का प्रयास किया, परंतु अपने वातावरण के इस बदलाव से या अन्य कारणों से वह अधिक दिन तक जीवित नहीं रह पाई। इस प्रकार यह भेड़िया बालिका इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि मानव मन तथा व्यवहार को प्रभावित करता है।

(छ) 'सत्संगति सुगंध से भरपूर उपवन है।''–इस कथन का तात्पर्य यह है कि सत्संगति एक ऐसे बाग के समान है जिसमें रहकर मनुष्य के अंदर दया, परोपकार, साहस, विवेक आदि गुण ऐसे ही विकसित होते हैं जैसे किसी बाग में विभिन्न प्रकार के पुष्प खिलते हैं।

(ज) संगति के प्रति सतर्क रहना इसलिए आवश्यक है क्योंकि बुरी संगति में पड़कर हमारा आचार-व्यवहार बुरा हो जाता है और ये बुराई जीवन भर स्थाई रहती है।

(झ) इस पंक्ति का यह आशय है कि जिस प्रकार काजल की कोठरी में जाने पर न चाहते हुए भी कालिख लग ही जाती है उसी प्रकार कुसंगति से बुरी आदतें स्वतः ही आ जाती हैं।

भाषा बोध

1. उचित स्थान पर अनुस्वार/अनुनासिक का प्रयोग कीजिए–

जगल	=	**जंगल**	गभीर	=	**गंभीर**	कुसग	=	**कुसंग**
सदेह	=	**संदेह**	आख	=	**आँख**	अधकार	=	**अंधकार**
अधेरा	=	**अँधेरा**	कहा	=	**कहाँ**	अत्यत	=	**अत्यंत**
चदन	=	**चंदन**	बधन	=	**बंधन**	भाति	=	**भाँति**

2. 'न' और 'नहीं' का प्रयोग करते हुए दो-दो वाक्य लिखिए–

न जाने आज मोहन इतना उदास क्यों है।
किसी को बुरा न बोलो।
हमें बुरे लोगों की संगति नहीं करनी चाहिए।
अंधी के पास धन नहीं था।

3. 'ही' निपात का प्रयोग करते हुए दो वाक्य बनाइए–

सत्संगति सुगंध से भरपूर वह उपवन है, जिसकी कल्पना ही हमें तरो-ताजा कर देती है।
कुसंग से व्यक्ति व समाज, दोनों का ही अहित होता है।

4. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी लिखिए–

मनुष्य	=	**मानव**	असर	=	**प्रभाव**	शीघ्र	=	**जल्दी**
अंग	=	**भाग**	पवित्र	=	**पावन**	वर्ष	=	**साल**
सोना	=	**स्वर्ण**	संस्कार	=	**आचार-विचार**	अंधकार	=	**अँधेरा**
भयानक	=	**डरावना**						

5. निम्नलिखित शब्दों में आए श, ष और स के उच्चारण पर ध्यान दीजिए–

स्वयं करें।

6. 'चल, उठ, नाच, दौड़' क्रिया शब्दों का प्रयोग कर अकर्मक क्रिया के वाक्य बनाइए–

चल – **बच्चा चल रहा है।** उठ – **बच्चा सोकर उठ गया।**
नाच – **भालू नाच रहा है।** दौड़ – **मोहन दौड़ रहा है।**

7. इत, इक, ता और ई प्रत्यय वाले शब्द पाठ में से छाँटकर लिखिए–

आकर्षित, प्रभावित, जीवित, दार्शनिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, रचनात्मकता,

यूनानी, नन्ही, काणी, छोटी, विध्वंसकारी।

8. **निम्नलिखित शब्दों के वर्णों को उलटा करके पढ़िए–**

इसी प्रकार के छह अन्य शब्द-युग्म लिखिए–

याद ⟶ **दया**	जाता ⟶ **ताजा**	सहसा ⟶ **साहस**
नशा ⟶ **शान**	हरा ⟶ **राह**	सदा ⟶ **दास**
मरा ⟶ राम	मन ⟶ **नम**	

9. **निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए–**

प्राणी = **मनुष्य को सामाजिक प्राणी कहा गया है।**

प्रभाव = **वातावरण का सीधा प्रभाव मानव जीवन पर पड़ता है।**

संसार = **संसार में नकारात्मक प्रवृत्तियाँ सभी को शीघ्र आकर्षित करती हैं।**

कुसंगत = **कुसंगत का हमारे जीवन पर बुरा असर पड़ता है।**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

10 माँ कह एक कहानी

अभ्यास-कार्य

1. **निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–**

(क) ii. मैथिलीशरण गुप्त (ख) i. कहानी (ग) iii. सुगंध

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर दीजिए–**

(क) लड़के की माँ उसकी नानी की बेटी है।

(ख) राहुल लेटे ही लेटे कहानी सुनाने की बात अपनी माता से कर रहा है।

(ग) राजा राहुल के पिता थे।

(घ) एक कहानी सुनाने की जिद राहुल कर रहा है।

(ङ) यशोधरा अपने बेटे को उसके पिता सिद्धार्थ की कहानी सुना रही है।

(च) "तू मेरी नानी की बेटी!" पंक्ति से कवि का तात्पर्य है कि राहुल कहता है कि–जिस प्रकार नानी कहानी सुना सकती है उसी प्रकार तुम भी नानी की तरह ही कहानियाँ सुना सकती हो।

(छ) जहाँ गौतम बुद्ध भ्रमण करते थे, वहाँ पर सुगन्धित हवा बह रही थी। रंग-बिरंगे तरह-तरह के फूल खिले हुए थे जिन पर ओस की मोती रूपी बूँद पड़ी हुई थीं हवा के झोंकों से बहता पानी लहरा रहा था। पेड़ों पर पक्षी कलरव करते थे। वहाँ का वातावरण इस प्रकार मन मोहक था।

(ज) हंस को देवदत्त ने अपनी स्वार्थ सिद्धि हेतु मारा था।

(झ) हंस का रक्षक सिद्धार्थ था, उसके घाव पर मरहम पट्टी करके, उसे पानी पिलाकर व न्यायालय से उसे प्राप्त कर उसकी रक्षा की।

(ञ) विवाद बढ़ने पर भी यह निर्णय नहीं हो पा रहा था कि वह हंस मारने वाले का है या बचाने वाले का इसलिए बात न्यायालय तक पहुँच गई।

(ट) दया का दानी सिद्धार्थ था।

3. कविता को पढ़कर उत्तर दीजिए–

- कहानी राहुल की माता यशोधरा सुना रही हैं।
- 'तू मेरी नानी की बेटी', राहुल ने अपनी माँ को कहा।
- माँ कहानी पुत्र राहुल को सुना रही हैं।
- माँ राहुल को उसके पिता सिद्धार्थ (गौतम बुद्ध) की कहानी सुना रही हैं।
- उपवन में भ्रमण राहुल के पिता गौतम बुद्ध करते थे।
- उपवन में फूल खिलते थे।
- उपवन के पास बहने वाला पानी लहराता था।
- बच्चा राजा या रानी की कहानी सुनना चाहता है।
- खग कलरव करते हुए मधुर स्वर में गाते थे।
- ऊपर से एक हंस बाण से घायल होकर गिरा।
- घायल हंस को दया के दानी गौतम बुद्ध ने उठाया।
- नया जीवन हंस को मिला।
- निर्णय करने की बात राहुल की माता ने की।
- निरपराध हंस था।
- न्याय और दया का दानी गौतम बुद्ध थे।
- माता ने ही न्याय पक्ष लेने की बात की।
- आहत पक्षी देवदत्त ने माँगा।
- रक्षक गौतम बुद्ध थे।
- हंस पर किसका अधिकार है इस बात पर विवाद हुआ।
- मारने वाले से बचाने वाले का अधिकार अधिक होता है इसलिए यह कहानी प्रसिद्ध हुई।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–

कहानी	= **कथा**	माँ	= **जननी**	बेटा	=	**सुत**
राजा	= **नरेश**	उपवन	= **वाटिका**	सुरभि	=	**खुशबू**
फूल	= **पुष्प**	पानी	= **जल**	खग	=	**पक्षी**
आखेटक	= **शिकारी**	हानि	= **नुकसान**	सहसा	=	**अचानक**

2. वाक्यों में प्रयुक्त विराम-चिह्नों को पहचानकर उनके नाम लिखिए–

''माँ, कह एक कहानी''	**अवतरण चिह्न, अल्प विराम**
राजा था या रानी?	**प्रश्नवाचक चिह्न**
तात भ्रमण करते थे तेरे,	**अल्प विराम**

3. काल के तीन भेद होते हैं–

वर्तमान काल–जिसमें उसी क्षण क्रिया के होने का बोध होता है। इन क्रियाओं के अंत में प्रायः 'है, हैं, हो, हूँ' आदि लगा होता है।

भूतकाल–जिसमें बीते हुए समय में क्रिया के होने का बोध हो। इसमें क्रिया के अंत में 'था, थे, थी' आदि का प्रयोग होता है।

भविष्यत् काल–जिसमें आने वाले समय में क्रिया के पूरा होने का बोध होता है।

इसमें क्रिया के साथ 'गा, गे, गी ' का प्रयोग होता है।

निम्नलिखित क्रियाओं का तीनों कालों में प्रयोग कर वाक्य बनाइए–

	वर्तमान काल	भूतकाल	भविष्यत् काल
पकड़ना =	वह शिकारी हिरन पकड़ता है।	शिकारी ने कल एक हिरन पकड़ा था।	वह शिकारी कल हिरन को पकड़ लेगा/या पकड़ेगा।
उड़ना =	आज पिंजरे से चिड़िया उड़ रही है।	कल पिंजरे से तोता उड़ा था।	कल इस पिंजरे से मैना भी उड़ जाएगी/उड़ेगी।
खेलना =	आज वह खो-खो खेलता है।	कल मैंने खो-खो खेला था।	कल रमेश भी खो-खो खेलेगा।
बैठना =	आज उस पेड़ पर हंस बैठा है।	कल पीपल के पेड़ पर बगुला बैठा था।	कल इसी पेड़ पर देख लेना मोर भी बैठेगा।

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

11 दुःख का अधिकार

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) iii. पोशाक (ख) i. बुढ़िया (ग) ii. साँप ने

2. निम्नलिखित कथनों के सामने सत्य अथवा असत्य लिखिए–

(क) सत्य (ख) सत्य (ग) असत्य

(घ) असत्य (ङ) सत्य (च) सत्य

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) लेखक के अनुसार कभी कुछ परिस्थितियों में पोशाक ही हमारा बंधन और बड़प्पन बनकर हमें झुकने से रोक लेती है।

(ख) महिला का पुत्र मरने के कारण उसके घर में सूतक लगा था। इसलिए महिला से कोई भी खरबूजे नहीं खरीद रहा था।

(ग) दुःखी महिला के लिए टीका-टिप्पणी करते हुए कुछ लोग कह रहे थे कि–"जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह दुकान लगाकर बैठी है।" कुछ लोग कहते थे कि–"जैसी नीयत होती है भगवान वैसी ही बरकत देता है।" कोई कहता था कि "ये लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं। इनका ईमान-धर्म सब रोटी का टुकड़ा है।"

(घ) भगवाना खरबूजे बेचने वाली महिला का पुत्र था जो साँप के काटने के कारण परलोक सिधार गया था।

(ङ) संभ्रांत महिला के विषय में लेखक ने लिखा है कि–संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से उठ न सकी थीं। उन्हें पंद्रह-पंद्रह मिनट बाद

पुत्र-वियोग में मूर्च्छा आ जाती थी और मूर्च्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुकते थे। दो-दो डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम उनके सिर पर बर्फ रखी जाती थी।

(च) अंत में लेखक कहता है कि शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और दुःखी होने का भी एक अधिकार होता है।

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) मनुष्य की **पोशाकें** उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं।

(ख) खरबूजों के समीप एक **अधेड़ उम्र** की औरत बैठी रो रही थी।

(ग) ये लोग तो **रोटी के टुकड़े** पर जान देते हैं।

(घ) **साँप** ने लड़के को डस लिया।

(ङ) **दुखी** होने का भी एक अधिकार होता है।

5. निम्नलिखित पंक्तियों की व्याख्या अपने शब्दों में कीजिए–

(क) प्रायः ..... आती है।

भाव–मनुष्य की पोशाक से ही उसकी पहचान हो जाती है। किसी मनुष्य की पोशाक देखकर ही हम यह समझ जाते हैं कि वह व्यक्ति गरीब है या अमीर है नेता है या कलाकार है। वह व्यक्ति किस पद से, किस व्यवसाय से जुड़ा है। मात्र व्यक्ति की पोशाक ही उस व्यक्ति का आधा परिचय दे देती है। अतः कह सकते हैं कि प्रायः पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्जा निश्चित करती है।

(ख) **शोक करने ..... होता है।**

भाव–खरबूजे बेचने वाली महिला का पुत्र मृत्यु को प्राप्त हुआ और संभ्रांत महिला का पुत्र भी मृत्यु को प्राप्त हो गया परन्तु दोनों का दुख समान होते हुए भी दुख को सहन करने का तरीका विपरीत था। संभ्रांत महिला के लिए डॉक्टर तक थे देख भाल के लिए समाज के लोग तैयार थे। महिला को शोक और दुख में द्रवित हो आँसू बहाने की सहुलियत थी जबकि खरबूजा बेचने वाली महिला को अपने परिवार का पेट भरने का उपाय ढूँढ़ने के कारण दुख के आँसू भी समाज के लोगों द्वारा टीका-टिप्पणी सुनकर बहाने पड़ रहे थे। लेखक यह अंतर देख कर कहता है कि–शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और दुःखी होने का भी एक अधिकार होता है। जैसे–संभ्रांत महिला को दुखी होने का अधिकार था परन्तु उस गरीब महिला की परिस्थितियों ने उसका यह अधिकार भी छीन लिया था।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए–

पोशाक	= **पोशाकें**	दरवाजा	= **दरवाजे**	खरबूजे	= **खरबूजा**
परिस्थिति	= **परिस्थितियाँ**	दुकानें	= **दुकान**	डलियाँ	= **डलिया**
माता	= **माताएँ**	पोता	= **पोते**		

2. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–

पोशाक	= **वेश-भूषा**	घृणा	= **नफरत**	समय	= **काल**

सहसा	=	**अचानक**	भूमि	=	**धरा**	वायु	=	**पवन**
समीप	=	**पास**	उम्र	=	**आयु**	औरत	=	**महिला**
उपाय	=	**तरकीब**	आदमी	=	**पुरुष**	बेटी	=	**सुता**

3. निम्नलिखित वाक्यों में से कारक छाँटकर लिखिए–

(क) मनुष्य की पोशाकें ही उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं। **मनुष्य की**

(ख) बाजार में फुटपाथ पर कुछ खरबूजे डलिया में रखे थे। **बाजार में, डलिया में**

(ग) लोग घृणा से उस स्त्री के संबंध में बातें कर रहे थे। **स्त्री के**

(घ) दादी ने उन्हें खाने के लिए खरबूजे दिए। **दादी ने, खाने के लिए**

(ङ) दुःखी होने का भी एक अधिकार होता है। **दुःखी होने का**

4. निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ सहित वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

(क) मुँह अँधेरे = **सूर्य उदय से पूर्व अँधेरे में**
महिला का पुत्र मुँह अँधेरे खेत पर गया।

(ख) पत्थर दिल होना = **कठोर होना।**
घर की परिस्थितियों के कारण महिला पत्थर दिल हो गई थी।

(ग) रास्ता न मिलना = **समाधान न मिलना**
घर के भूखे बच्चों को देखकर महिला को खरबूजे बेचने से अलग कोई और रास्ता न मिला।

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

12 यमराज का निमंत्रण

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) ii. महामाया (ख) i. राजा का भाट

(ग) iii. यमदूत को (घ) i. नरक में

2. निम्नलिखित कथनों के सामने सत्य अथवा असत्य लिखिए–

(क) सत्य (ख) असत्य (ग) सत्य (घ) असत्य (ङ) असत्य

3. किसने, किससे कहा?

(क) मंत्री ने, राजा से (ख) राजा ने, रानी से

(ग) पंडित गुणगानी ने, राजा से (घ) यमदूत ने, राजा से

(ङ) राजा ने, यमदूत से (च) मंत्री ने, यमदूत से

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) रानी ने राजा की प्रशंसा इन शब्दों में की–"महाराज, आपके समान कोई दूसरा राजा इस धरती पर नहीं है।"

(ख) राजा ने यमदूत को धमकी दी कि मेरे पहरेदार तुम्हारे हाथों में हथकड़ी पहनाकर तुम्हें कालकोठरी में डाल देंगे।

(ग) राजा ने यमदूत से कहा, मैं आपके साथ चलने को तैयार हूँ पर सच मानिए,

मेरे न रहने से राज्य का सारा काम-काज बिगड़ जाएगा। सब लोग समुद्र में कूदकर प्राण दे देंगे। प्रजा अनाथ हो जाएगी। आप विश्वास कीजिए। लोग मेरे बिना बहुत दुखी होंगे। चाहे तो आप रानी, मंत्री, गुणगानी पंडित से पूछकर इस बात की परीक्षा लेकर देख लीजिए।

(घ) यमदूत ने धर्मराज का रूप इसलिए धारण किया ताकि सब लोग सच बोल सकें।

(ङ) यमदूत ने रानी से पूछा–हे महारानी! यह आपके पति का शव है। क्या आप चाहती हैं कि मैं इन्हें जिंदा कर दूँ? फिर यमदूत ने मंत्री से पूछा, राजा का शव देख रहे हो? क्या इन्हें कुछ दिन और संसार में रहना चाहिए। इसके बाद यमदूत ने भाट से कहा, तुम राजा के भाट थे। अब वह संसार में नहीं रहे। तुम उनकी बड़ाई में दो शब्द कह दो।

(च) राजा की मृत्यु के विषय में जानकर रानी बोली, "मैं तो इनसे बहुत परेशान थी। अच्छा है, अब मेरा बेटा राजा बनेगा और मैं राजमाता कहलाऊँगी।" इसके बाद राजा की मृत्यु के बारे में जानकर भाट बोला, "प्रभु क्या कहें। राजा तो ऐसा घमंडी था कि पूछो मत। अपनी झूठी प्रशंसा से फूला रहता था। हम तो झूठी प्रशंसा करते-करते थक गए। अच्छा हुआ जान छूटी। अब हमें और झूठ तो न बोलना पड़ेगा।"

(छ) राजा को रानी, मंत्री और गुणगानी भाट के विषय में यह भ्रम था कि ये सभी मुझसे बहुत प्रेम करते हैं और मेरे बिना नहीं रह सकते। लेकिन जब उसने यमदूत द्वारा उन तीनों के विचारों को जाना तो राजा का वह भ्रम टूट गया।

(ज) इस एकांकी में यह संदेश अंतर्निहित है कि हमें अपने जीवन में हमेशा अच्छे कार्य करने चाहिए तथा दूसरों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए क्योंकि अच्छे कर्म और अच्छा व्यवहार करने से ही दूसरे लोग हमारी प्रशंसा करते हैं, हमारा आदर करते हैं। जबरदस्ती किसी से अपनी प्रशंसा करवाना व्यर्थ है।

भाषा बोध

1. निम्न शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–

प्रसंसा	=	**प्रशंसा**	परताप	=	**प्रताप**	जूररत	=	**जरूरत**
प्रथवी	=	**पृथ्वी**	दुत	=	**दूत**	प्राथरना	=	**प्रार्थना**
दुष्ठ	=	**दुष्ट**	पराण	=	**प्राण**	सनसार	=	**संसार**

2. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–

प्रशंसा	=	**बड़ाई**	रोज	=	**प्रतिदिन**	पुस्तक	=	**किताब**
सच	=	**सत्य**	लक्ष्मी	=	**नारायणी**	आँख	=	**नेत्र**
पृथ्वी	=	**धरती**	सूर्य	=	**भास्कर**	चंद्र	=	**चाँद**
संसार	=	**जगत**	प्रार्थना	=	**विनती**	राजा	=	**नृप**

3. निम्नलिखित शब्दों को बहुवचन में बदलकर लिखिए–

मंत्री	=	**मंत्रियों**	वीर	=	**वीरों**	नारी	=	**नारियाँ**
महल	=	**महलों**	रानी	=	**रानियाँ**	तलवार	=	**तलवारें**

पुस्तक = **पुस्तकें** द्वारपाल = **द्वारपालों** वर्ष = **वर्षों**
पंडित = **पंडितों**

4. निम्नलिखित शब्दों के समास-विग्रह कीजिए–

अन्नदाता	=	**अन्न का दाता**	कालकोठरी	=	**काल की कोठरी**
द्वारपाल	=	**द्वार का पाल**	चंद्र-सूर्य	=	**चंद्र और सूर्य**
धर्मराज	=	**धर्म का राजा**	राजमाता	=	**राजा की माता**
यमदूत	=	**यम का दूत**	महाप्रभु	=	**महान है जो प्रभु**

5. निम्नलिखित वाक्यों में क्रियापद छाँटकर अकर्मक-सकर्मक लिखिए–

(क) गोली मारी = **सकर्मक** (ख) चलाई = **अकर्मक**
(ग) हूँ = **अकर्मक** (घ) रहते हो = **सकर्मक**
(ङ) हो = **अकर्मक।**

6. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए–

अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना	**अपनी प्रशंसा स्वयं करना**
गागर में सागर भरना	**थोड़े में अधिक कहना**
आँखों का तारा होना	**बहुत प्यारा होना**
गाँठ बाँध लेना	**सीख लेना**
आसमान से चाँद चुरा लाना	**दुर्लभ कार्य करना**

7. संधि विच्छेद कीजिए–

योगासन	=	**योग + आसन**	युवावस्था	=	**युवा + अवस्था**
नमस्ते	=	**नमः + ते**	परिच्छेद	=	**परि + छेद**
संकल्प	=	**सम् + कल्प**	मनोरथ	=	**मनः + रथ**
पद्धति	=	**पद् + हति**	तपोवन	=	**तपः + वन**
वागीश	=	**वाक् + ईश**	गायक	=	**गै + अक**
अत्यधिक	=	**अति + अधिक**	स्वागत	=	**सु + आगत**
सज्जन	=	**सत् + जन**	परोपकार	=	**पर + उपकार**

8. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन छपे क्रियाविशेषण के भेद लिखिए–

(क) रीतिवाचक क्रियाविशेषण (ख) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(ग) कालवाचक क्रियाविशेषण
(घ) कालवाचक, परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(ङ) स्थानवाचक, रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(च) रीतिवाचक क्रियाविशेषण (छ) कालवाचक क्रियाविशेषण

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

13 मेरी यात्रा

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) iii. नक्शे देखने का (ख) ii. एक कील के कारण राज्य खो जाता है
(ग) iii. हठधर्मिता में

2. निम्नलिखित कथनों के सामने सत्य अथवा असत्य लिखिए–

(क) असत्य (ख) सत्य (ग) सत्य (घ) असत्य (ङ) सत्य

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) लेखक के अनुसार नक्शों की मदद से दूर दुनिया की सैर का मजा लिया जा सकता है। मन रूपी घोड़े पर सवार होकर स्थान बिना छोड़े कहीं पर भी घूम सकते हैं। कोई रोक-टोक या अड़चन नहीं होती। नक्शों में तरह-तरह के रंगों से भी मदद मिल जाती है।

(ख) अमरकंटक और तिरुकुरंगुडि स्थानों के नाम से लेखक आकर्षित हुए।

(ग) लेखक ने यात्रा करने के दो तरीके बताए हैं। एक तरीका यह है कि आप सोच-समझकर निश्चय कर लें कि कहाँ जाना है, कब जाना है, कहाँ-कहाँ घूमना है, कितना खर्च होगा, फिर उसी के अनुसार छुट्टी लीजिए, टिकट कटाइए और चल पड़िए। यह व्यवस्थित तरीका है।

(घ) हमारे अनुसार लेखक का नया दाँत-ब्रुश लेने सोनारी जाने का निर्णय सही था क्योंकि यदि लेखक दाँत ब्रुश लेने सोनारी न जाते तो वह उस अनोखी यात्रा का आनंद न ले पाते और अहोम राजाओं की पुरानी राजधानी का आकर्षण जो आकर्षित कर रहा था उनके मन में ही दबा रह जाता।

(ङ) लेखक उस स्थान के नाम के आकर्षण से शिव सागर जाना चाहते थे।

(च) लेखक ने अंत में बताया है कि वह जितनी यात्राएँ स्थूल पैरों से करते हैं उससे ज्यादा नक्शे देखकर कल्पना रूपी चरणों से कर लेते हैं। आप भी चलते-फिरते नजर आइए। 'रमता राम' इसलिए कहते हैं कि जो रमता नहीं, वह राम नहीं, टिकना तो अंत है।

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) मुझे बचपन से **नक्शे** देखने का शौक है।

(ख) एक कील की वजह से **राज्य** खो जाता है।

(ग) उनमें कइयों पर **साँप** लटक रहे थे।

(घ) नदी किसी गाँव को **लीलती हुई** आई है।

(ङ) **हठधर्मिता** का अपना अनूठा रस होता है।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए–

नदी	= **सरिता**	जलन	= **ईर्ष्या**	किनारा	= **तट**
अनजान	= **अजनबी**	जिद	= **हठ**	सफर	= **यात्रा**
कपड़ा	= **वस्त्र**	सागर	= **समुद्र**		

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

दूर	= **पास**	वास्तविक	= **अवास्तविक**	फायदा	= **नुकसान**
अपरिचित	= **परिचित**	पसंद	= **नापसंद**	सफेद	= **काला**
गाँव	= **शहर**	खर्च	= **आमदनी**	सवेरे	= **शाम**

पुराना = **नया** अमृत = **विष** ज्यादा = **कम**

3. शब्दों की वर्तनी सही करके लिखिए–

नकसा = **नक्शा** त्रिप्ती = **तृप्ती** ईर्स्या = **ईर्ष्या**
हीमाल्य = **हिमालय** साप = **साँप** शडक = **सड़क**
अनुठा = **अनूठा** परबन्ध = **प्रबन्ध**

4. सही कारक-चिह्न भरकर वाक्यों को पूर्ण कीजिए–

(क) प्याले **में** चाय थी।
(ख) अमित ने रमन **को** खेलने के लिए बुलाया था।
(ग) हमें बच्चों **के लिए** खिलौने खरीदने हैं।
(घ) अनिल अपने बड़े भाई **से** होशियार है।
(ङ) **अरे!** तुम कब आए?
(च) माँ ने सारा सामान छत **पर** रख दिया।
(छ) वसीम **का** भाई आया था।

5. रिक्त स्थानों में रेखांकित शब्दों के उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द भरिए–

(क) <u>विनम्रता</u> से काम लो, इतनी **उद्दंडता** ठीक नहीं।
(ख) शहरों में सड़कें प्रायः <u>पक्की</u> होती हैं और गाँवों में **कच्ची**।
(ग) रमा को आम <u>पसंद</u> हैं लेकिन अंगूर बिलकुल **नापसंद** हैं।
(घ) ऋषि-मुनि <u>शाश्वत</u> प्रश्नों के उत्तर खोजने में अधिक रुचि लेते आए हैं, जबकि आम व्यक्ति **क्षणिक** प्रश्नों में ही उलझा रह जाता है।
(ङ) मुझे **सूखे** रेगिस्तान में घूमना भी अच्छा लगता है और <u>हरे-भरे</u> पहाड़ों में भी।

6. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए पाठ में प्रयुक्त एक शब्द लिखिए–

(क) जिस काल या समय के प्रारंभ का पता न हो = **अनादिकाल**
(ख) किसी बात पर अड़ जाना = **हठ धर्मिता**
(ग) उसी समय की = **तत्कालिक**
(घ) जो घूमने का शौकीन हो = **घुमक्कड़**
(ङ) रेतीला क्षेत्र = **मरुप्रदेश**
(च) समुद्र से घिरा भू-खंड = **द्वीप**

7. निम्नलिखित वाक्यों में सही स्थानों पर विराम-चिह्न लगाकर पुनः लिखिए–

(क) 'तरंगों वाली बस्ती' यह नाम सुनकर क्या आपके मन में तरंग नहीं उठती कि जाकर देखें?
(ख) 'रमता राम' इसलिए कहते हैं कि जो रमता नहीं, वह राम नहीं, टिकना तो अंत है।
(ग) पहले निश्चय कर लें कि कहाँ जाना है, कब जाना है, कहाँ-कहाँ घूमना है, कितना खर्च होगा, फिर उसी के अनुसार छुट्टी लीजिए, टिकट कटाकर चल पड़िए।
(घ) अंग्रेजी में एक कहावत है–'एक कील की वजह से राज्य खो जाता है।'

8. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए–

(क) शौक = **लेखक को घूमने का शौक था।**
(ख) फायदा = **प्रातः घूमने का फायदा स्वस्थ व्यक्ति बता सकता है।**
(ग) समूह = **समूह के साथ मिलकर कोई भी कार्य शीघ्र हो जाता है।**
(घ) इरादा = **मैंने कक्षा में प्रथम आने का पक्का इरादा कर लिया था।**
(ङ) आकर्षण = **प्राकृतिक दृश्यों का आकर्षण देखते बनता था।**
(च) अंदाज = **हर व्यक्ति के बोलने का अलग-अलग अंदाज होता है।**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

14 भारत कोकिला-सरोजिनी नायडू

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) iii. 13 वर्ष (ख) ii. इंग्लैंड
(ग) i. 1930 ई0 में (घ) iii. 2 मार्च 1949 को

2. निम्नलिखित कथनों के सामने सत्य अथवा असत्य लिखिए–

(क) सत्य (ख) सत्य (ग) असत्य
(घ) सत्य (ङ) असत्य (च) सत्य

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) सरोजिनी नायडू का जन्म 13 फरवरी, सन् 1879 ई0 को हैदराबाद में हुआ था।
(ख) सरोजिनी नायडू में काव्य-लेखन की विशेष प्रतिभा थी।
(ग) 'द गोल्डेन थ्रेशहोल्ड' नामक पुस्तक से इंग्लैंड का साहित्य जगत विस्मित रह गया।
(घ) सरोजनी नायडू कवयित्री के साथ-साथ उच्च कोटी की नेता भी थीं। स्वतंत्रता संग्राम के प्रचार-प्रसार के साथ ही वे कई बार जेल भी गईं सन् 1925 ई0 में इन्हें राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात इन्हें उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का पद प्रदान किया गया।
(ङ) नारी-उत्थान के लिए उन्होंने नारी मुक्ति और नारी शिक्षा आन्दोलन प्रारम्भ किया।
(च) गांधी जी की मृत्यु सरोजनी नायडू के लिए घातक साबित हुई।

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) तेरह वर्ष की अवस्था में उन्होंने **1300** पंक्तियों की लंबी कविता लिखी।
(ख) उन्हें **भारत कोकिला** की उपाधि प्रदान की गई।
(ग) उनका विवाह **गोविन्दराजुल नायडू** के साथ हुआ।
(घ) **'द गोल्डेन थ्रेशहोल्ड'** पुस्तक की समालोचकों ने एक स्वर से प्रशंसा की।
(ङ) हम भारतवासी सदैव उनके **ऋणी** रहेंगे।

5. निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए–

मेरे गुरु ..... हो गई।

भाव–गाँधी जीं की मृत्यु के पश्चात पूरे भारतवर्ष के उदास हो जाने पर सरोजनी नायडू ने अपनी श्रद्धांजलि में गांधी जी को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेरे गुरु, मेरे नेता और मेरे पिता समान उन गांधी जी की आत्मा शांत भाव से विश्राम न करे वरन् गतिमान होकर भारतवासियों की वास्तविक स्वतंत्रता प्राप्ति में सहायक बन जाए जिससे भारतवर्ष आजादी प्राप्त कर पुनर्जीवित हो जाए। अर्थात गांधी जी के विचारों को भारत का प्रत्येक नागरिक अपने विचार बना ले और उनके अधूरे स्वप्न को पूरा करे।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी सही करके लिखिए–

अंर्तजातीय	= **अंतर्जातीय**	रिणी	=	**ऋणी**	
कवियत्री	= **कवयित्री**	साबाशी	=	**शाबाशी**	
परसिद्ध	= **प्रसिद्ध**	उतसाह	=	**उत्साह**	

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

रुचि	= **अरुचि**	उपस्थित	= **अनुपस्थित**	प्रथम	=	**अन्तिम**	
स्वदेशी	= **विदेशी**	वरदान	= **अभिशाप**	परतंत्र	=	**स्वतंत्र**	

3. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए–

माँ	= **माता**	आश्चर्य	= **अचम्भा**	सुरीली	=	**मधुर**	
पिता	= **जनक**	बेटी	= **पुत्री**	स्वर	=	**आवाज**	
कार्य	= **कर्म**	बालिका	= **कन्या**	स्वतंत्र	=	**आजाद**	
अभिनंदन	= **स्वागत**						

4. निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय अलग करके लिखिए–

शाबाशी	= **ई**	गंभीरता	= **ता**	भारतीय	=	**ईय**	
वैवाहिक	= **इक**	संबोधित	= **इत**	ज्ञानवती	=	**वती**	
वास्तविक	= **इक**	जोशीला	= **ईला**				

5. अंतर्जातीय की भाँति चार शब्द 'अंतर्' लगाकर लिखिए और वाक्य बनाइए–

अंतरात्मा	**सच्ची अंतरात्मा में ईश्वर बसते हैं।**
अंतर्यामी	**ईश्वर अंतर्यामी होते हैं।**
अंतर्ध्वनि	**व्यक्ति, योग द्वारा अंतर्ध्वनि सुनता है।**
अंतर्राष्ट्रीय	**अंग्रेजी अंतर्राष्ट्रीय भाषा है।**

6. नीचे दिए विशेषण शब्दों में 'तर' और 'तम' जोड़कर शब्द बनाइए–

मूल अवस्था	उत्तर अवस्था तर	उत्तम अवस्था तम
श्रेष्ठ	श्रेष्ठतर	श्रेष्ठतम
उच्च	उच्चतर	उच्चतम
न्यून	न्यूनतर	न्यूनतम
सरल	सरलतर	सरलतम
चतुर	चतुरतर	चतुरतम
कठिन	कठिनतर	कठिनतम

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

15 निबाह ले स्वधर्म को

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) iii. मानवता (ख) ii. भला (ग) i. मसीबतों से डरने वाला

(घ) i. स्वार्थी (ङ) iii. अमानवीय

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) प्रस्तुत कविता के रचयिता अनिल कुमार शर्मा हैं।

(ख) स्वधर्म से कवि का तात्पर्य वास्तविक धर्म से है। जिसका अनिवार्य रूप से पालन करना चाहिए।

(ग) कविता में असत्यता को त्यागकर सत्य पर विचार करने को कहा गया है।

(घ) मनुष्यता हेतु दया, करुणा, ममता आदि गुणों की आवश्यकता होती है।

(ङ) वर्तमान युग में कथित धर्म का स्वरूप विकृत पाया जाता है।

3. उपयुक्त दृष्टांत देते हुए भाव स्पष्ट कीजिए–

(क) **आँधियों ..... पहले मरा।**

भाव–उपर्युक्त पंक्ति का आशय यह है कि जो मनुष्य मुसीबतों तथा कठिनाइयों से डर जाता है, वह मृत्यु आने से पहले ही मर जाता है। अतः मनुष्य को कठिनाइयों तथा मुसीबतों का डटकर सामना करना चाहिए।

(ख) **कितने ..... छला।**

भाव–उपर्युक्त पंक्ति में कवि कहना चाहता है कि मनुष्य चाहे जितना भी बलशाली तथा धनवान क्यों न हो जाए लेकिन मौत एक ऐसी अटल सच्चाई है जो सभी को आनी हैं। क्योंकि रावण जैसा राजा भी मौत से नहीं बच पाया।

(ग) **इस अधम ..... क्या मिला?**

भाव–उपर्युक्त पंक्ति में कवि संदेश देना चाहता है कि मनुष्य को केवल अपने बारे में सोचकर स्वार्थी नहीं बनना चाहिए क्योंकि केवल इस अधम शरीर का पालन-पोषण करने से कुछ नहीं बनता। ये जितना दूसरे के काम आ जाए उतना ही अच्छा है।

4. संदर्भ सहित भाव स्पष्ट कीजिए–

(क) **मार्ग ..... भला।।**

संदर्भ–उपर्युक्त पंक्तियाँ अनिल कुमार शर्मा द्वारा रचित 'निबाह ले स्वधर्म को' नामक कविता से ली गई हैं। इनमें कवि ने धैर्य के साथ सभी कठिनाइयों का सामना करने का संदेश दिया है।

भावार्थ–कवि कहता है कि चाहे मार्ग कितने ही काँटों भरा हो अर्थात् मार्ग में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न आएँ फिर भी हमें धरती के समान धैर्य को धारण करना चाहिए। क्योंकि धैर्य के साथ आगे बढ़ने से तथा परिश्रम करने से जो पेड़-पौधे सूख चुके हैं वे फिर से हरे हो जाएँगे अर्थात् फिर से अच्छे दिन आएँगे। सूरज ने कितने कष्ट झेले हैं, धरती ने कितने ही कष्टों का सामना

किया है लेकिन सत्य इस पृथ्वी से कभी नहीं जाता अर्थात् सत्य हमेशा सर्वोपरि रहता है। अतः हमें सबका भला ही करना चाहिए क्योंकि दूसरों का भला करने से अपना भी भला होता है।

(ख) **निज ..... हो भला।**

संदर्भ–प्रस्तुत पंक्तियाँ अनिल कुमार शर्मा द्वारा लिखित 'निबाह ले स्वधर्म को' नामक कविता से ली गई हैं। इनमें कवि ने स्वार्थी न बनकर परमार्थी बनने को कहा है।

भावार्थ–कवि कहता है कि जो केवल अपने बारे में ही सोचता है उसको मनुष्य नहीं कहते। जो धर्म की दुहाई देकर अर्थात् धर्म का नाम लेकर अधर्म करते हैं गलत कार्य करते हैं वे मनुष्य की श्रेणी में नहीं आते। और इस शरीर को पालकर अर्थात् इसी की देख-रेख करके क्या मिलेगा। इसलिए हे मनुष्य! तुम्हें भलाई के कार्य करने चाहिए, क्योंकि यदि तुम ऐसा करोगे तो तुम्हारा भला अपने-आप ही हो जाएगा।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

धैर्य	=	**अधैर्य**	धर्म	=	**अधर्म**	मृत्यु	=	**जन्म**
गुण	=	**अवगुण**	मनुष्यता	=	**दानवता**	भला	=	**बुरा**
स्वार्थ	=	**परमार्थ**	नीचता	=	**महानता**	सत्य	=	**असत्य**
कांटे	=	**फूल**						

2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए–

अधम	=	**नीच/दुष्ट**	मनुष्य	=	**मानव**	तृण	=	**तिनका**
तरु	=	**वृक्ष**	अधर्म	=	**अन्याय**	मनुष्यता	=	**मानवता**
स्वधर्म	=	**अपना धर्म**	मर्म	=	**भेद**			

3. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए–

धर्म	=	**धार्मिक**	कठोर	=	**कठोरता**	धैर्य	=	**धैर्यपूर्वक**
अधर्म	=	**अधर्मी**	स्वार्थ	=	**स्वार्थी**	शत्रु	=	**शत्रुता**

4. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए–

मार्ग	=	**रास्ता**	**पथ**	**राह**
वृक्ष	=	**तरु**	**पेड़**	**पादप**
धरती	=	**धरा**	**पृथ्वी**	**वसुधा**
सूरज	=	**सूर्य**	**भास्कर**	**दिनकर**

5. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी सही करके लिखिए–

अधरम	=	**अधर्म**	मोत	=	**मौत**	तरीण	=	**तृण**
असतयता	=	**असत्यता**	तरू	=	**तरु**	निरभय	=	**निर्भय**
मारग	=	**मार्ग**	प्रथवी	=	**पृथ्वी**			

6. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उचित उपसर्ग पर (✓) का चिह्न लगाइए–

(क)	स्वधर्म	→	**स्व (✓)**	सु धर्म
(ख)	असत्य	→	अस्	**अ (✓)** त्य

(ग)	स्वार्थ	→	अर्थ	सु	**स्व (✓)**
(घ)	परिपक्व	→	**परि (✓)**	पक्व	पर

7. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए–

मनुष्यता = **हमें मनुष्यता को अपने जीवन का अंग बनाना चाहिए।**

दीपक = **दीपक खुद अँधेरे में रहकर दूसरों को प्रकाश देता है।**

असत्यता = **हमें अपने जीवन से असत्यता को निकालने का प्रयास निरंतर करना चाहिए।**

तृण-तरु = **जल के अभाव में सभी तृण-तरु मुरझा जाते हैं।**

देह = **मनुष्य देह मुश्किल से मिलती है।**

स्वधर्म = **व्यक्ति को स्वधर्म के अनुसार आचरण करना चाहिए।**

8. हिंदी भाषा में अनेक ऐसे शब्द हैं जो एकार्थक प्रतीत होते हैं और एक-दूसरे के पर्याय लगते हैं किंतु उनके अर्थ में सूक्ष्म-सा अंतर होता है। निम्न में से प्रत्येक का अर्थ इस प्रकार लिखिए कि उनका अंतर स्पष्ट हो जाए–

			अर्थ	**वाक्य**
(क)	अस्त्र	–	फेंककर चलाया जाने वाला हथियार	राम ने रावण पर अस्त्र से वार किया।
	शस्त्र	–	हाथ में पकड़कर चलाया जोने वाला हथियार	डाकू ने राजा पर शस्त्र चलाया।
(ख)	अनुरोध	–	आग्रहपूर्ण निवेदन	शिव ने अपने जन्म-दिन पर आने के लिए मित्रों से अनुरोध किया।
	प्रार्थना	–	ईश मनन, याचना	शिवम मंदिर जाकर हमेशा प्रार्थना करता है।
(ग)	अधिक	–	ज्यादा	बच्चों का शोर बहुत अधिक था।
	पर्याप्त	–	संतोषजनक	मेरे लिए इतना भोजन पर्याप्त है।
(घ)	इच्छा	–	चाह	मेरी इच्छा मीठा खाने की है।
	अभिलाषा	–	कामना	पुष्प की अभिलाषा है कि उसे वीरों के पथ पर डाला जाए।
(ङ)	अमूल्य	–	अनमोल	पानी अमूल्य है।
	बहुमूल्य	–	बहुत कीमती	हीरा बहुमूल्य है।

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

16 पिता का पत्र

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए–

(क) i. लड़की होने को कमजोरी नहीं समझना है।

(ख) iii. महिलाओं को महत्त्वपूर्ण भूमिकाओं से अलग रखा गया।

(ग) iii. पिता अपनी दुनिया में ही व्यस्त थे।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए–

(क) पिता ने पुत्री को पत्र उस अवसर पर लिखा जब पुत्री को कैंसर जैसी असाध्य बीमारी के बारे में शोध करने तथा उपलब्धि हासिल होने पर गोल्ड मेडल मिलना था।

(ख) पिता के लिए दोहरी खुशी यह है कि एक तो पुत्री और पिता दोनों ने मिलकर जो लक्ष्य तय किया था वह पूरा हुआ और दूसरा पिता के मन में जो अपराध-बोध पल रहा था, आज उससे उसे मुक्ति मिली।

(ग) पिता कहते हैं कि जब तुम मास्क लगाकर कैंसर के जानलेवा सैल्स इकट्ठे करने के लिए अस्पताल-अस्पताल घूमती हो तो मुझे तुम पर गर्व होता है।

(घ) पिता ने यह भूल की थी कि अपनी पढ़ने योग्य बहन को एक साधारण लड़की समझकर उस पर ध्यान नहीं दिया जिससे बहन पढ़ नहीं पाई। उन्होंने अपना भूल-सुधार अपनी बेटी को पढ़ाकर किया।

(ङ) पिता ने अपनी पुत्री से कहा है–हमें दो स्तर पर लड़ाई लड़नी है–एक तो पुराने संस्कारों से, दूसरे इस नई उपभोक्ता संस्कृति से जो स्त्री के सम्मान को बार-बार चोट पहुँचाती है।

(च) जैविक सच्चाई का तात्पर्य यह है लड़की होने में औरत का कोई हाथ नहीं है और सामाजिक सच्चाई से तात्पर्य यह है कि हमारे समाज में आज भी लड़कियों को बोझ समझा जाता है तथा लड़की पैदा होने पर एक औरत का निरादर किया जाता है।

(छ) पत्र के आधार पर निरूपमा बुआ का व्यक्तित्व इस प्रकार का था–निरूपमा बुआ हर काम बहुत जल्दी सीख लेती थी तथा पढ़ाई के साथ-साथ माँ के काम में हाथ बँटाती, पिता जी के नहाने के लिए गरम पानी रखती, छत पर कपड़े सूखने डालती। घर के सारे काम करने के साथ-साथ निरूपमा बुआ पढ़ाई में भी बहुत होशियार थी।

(ज) पिता का व्यवहार अपनी बहन के साथ वैसे तो ठीक था लेकिन जब बहन ने उनसे आगे पढ़ने के लिए कहा था तब उन्होंने उनकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया था। अपनी उसी भूल का प्रायश्चित करने के लिए उन्होंने अपनी बेटी को खूब पढ़ाया।

(झ) विज्ञान ने आज सिद्ध कर दिया है कि लड़की होना सिर्फ एक जैविक सच्चाई है।

(ञ) पत्र के अंत में पिता अपनी पुत्री से गोल्ड मेडल लेते हुए एक फोटो अपनी नीरू बुआ को भेजने को कहते हैं क्योंकि बुआ को बहुत अच्छा लगेगा।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) घर में प्यार से सब उसे **छुटकी** पुकारते थे।
(ख) बहुत प्यारी थी मेरी **बहन**।
(ग) तुम तो **विज्ञान की** विद्यार्थी हो।
(घ) **लड़की** होना सिर्फ एक जैविक है।
(च) 'आप जरा खर्चा सँभालिए और फिर देखो हमारी शोमैनशिप'-यह कथन श्यामलाल का वह चरित्र स्पष्ट करता है जिससे पता चलता है कि -श्यामलाल एक धूर्त तथा लालची किस्म का एक राजनैतिक नेता है। वह पब्लिक के पैसे से अपने काम निकालता है। दंगे करवाना, जुलूस निकालना, धरने प्रदर्शन आदि करना ही उसका प्रमुख काम है।

3. किसने, किससे कहा?

उत्तर- (क) श्यामलाल ने चमन लाल से (ख) चमनलाल ने श्यामलाल से

(ग) बुद्धू ने श्यामलाल से (घ) श्यामलाल ने चमनलाल ने

(ङ) चमनलाल ने श्यामलाल से (च) श्यामलाल ने चमनलाल से

भाषा बोध

1. निम्नलिखित वाक्यों को कर्म वाच्य में बदलिए-

उत्तर- (क) मेरे द्वारा लोगों का इंतजाम कर दिया जाएगा।

(ख) फोटोग्राफर द्वारा फोटो खींचा जा सकता है।
(ग) तुम्हारे द्वारा रुपयों का इंतजाम किया जाएगा।
(घ) हमारे द्वारा जुलूस के आदमी किराए पर लिए जाते हैं।
(ङ) तुम्हारे द्वारा काम कब शुरू किया जा रहा है।

2. रंगीन शब्दों को बहुवचन में बदलकर पुनः वाक्य लिखिए।

उत्तर- (क) औरतों को छह रुपये देने पड़ते हैं।
(ख) झंडे पकड़े हुए लड़कियाँ।
(ग) औरतों की गोद में बच्चे।
(घ) गरीबों की कौन सुनता है?
(ङ) नेता हमारी कठिनाइयों को समझ जाएगा।

3. रंगीन शब्दों में कारक बताइए-

उत्तर- (क) कर्म कारक (ख) कर्ता कारक (ग) संप्रदान कारक
(घ) अधिकरण कारक (ङ) अधिकरण कारक।

4. इस अध्याय में अंग्रेजी के अनेक शब्दों का प्रयोग हुआ है; उन्हें छाँटकर लिखिए-

उत्तर- ड्राइंग रूम, परेड ग्राउंड, लेक्चर, पब्लिक, मेन रोड, नौटिसों, कॉलोनी, मील, नेशनल, वर्कस, कंसेरनल, रेट, फोटोग्राफर, क्री, साइड, लीडर, पुलिस, इंपार्टेंस, क्लब, फोटो, स्पीकर्स, पब्लिकमेन, केस, डिमांस्ट्रेट, ओपिनियन, वर्नेकुलर पेपर्स, एडिटोरियल शोमैनशिप, एडवांस, फाइल, बिजनिस, ग्रुप, गवर्नमेंट, मीटिंग, एडवरटाइजमेंट, वॉलंटियर, इंचार्ज, पार्लियामेंट, ऑडियंस।

5. निर्देशानुसार वाक्य बदलकर लिखिए-

उत्तर- (क) क्या कल से आप हमारा काम शुरू कर रहे हैं?
(ख) हम सब इंतजाम खुद कर लेंगे लेकिन आपको खर्चा ज्यादा पड़ेगा।

6. तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए-

उत्तर-

मुँह	=	मुख	दाँत	=	दंत
आँख	=	अक्षि	रात	=	रात्रि
कान	=	कर्ण	आग	=	अग्नि

क्रियात्मक-कार्य

उत्तर-छात्र स्वयं करें।

9 नीम का पेड़

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) ii. नीम का पेड़ (ख) i. तेजा ने (ग) iii. फौज में

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) मनोहर सिंह को अपने नीम के पेड़ से गहरा लगाव था क्योंकि वह उसके पिता की निशानी था तथा उसने अपनी छाया देकर उनकी सदा निःस्वार्थ भाव से सेवा की थी।

(ख) तेजा ने ठाकुर शिवपाल सिंह को पच्चीस रुपये देकर मनोहर सिंह के गिरवी रखे नीम के पेड़ को मुक्त कराया जिससे मनोहर सिंह का प्रिय नीम का पेड़ कटने से बच गया।

(ग) ठाकुर शिवपाल सिंह ने सोचा कि मनोहर सिंह मेरे रुपये नहीं दे पाएँगे तो उन्होंने लोगों के सामने वादा कर दिया कि यदि मनोहर सिंह मुझे रुपये दे देंगे तो मैं पेड़ नहीं काटूँगा। जब तेजा के पिता ने उन्हें 25 रुपये देते हुए उनके वादे की याद दिलाई तो उन्हें रुपये स्वीकार करने पड़े। इस प्रकार पेड़ कटने से बच गया और वे अपने ही शब्दों में फँस गए।

(घ) इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि पेड़ हमारी अनेक आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। इसलिए हमें न तो पेड़ों को काटना चाहिए, और न ही पेड़ों को कटने देना चाहिए।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) **ऋण** का पाप तो देने से ही कटेगा।

(ख) इतना **पुराना पेड़ गाँव** भर में दूसरा नहीं।

(ग) तेजा गाँव के एक **प्रतिष्ठित** किसान का बेटा था।

(घ) सब लड़के की बात सुनकर **दंग रह गए**।

(ङ) ठाकुर साहब के **चेहरे** का रंग उड़ गया।

4. सही वाक्य के सामने (✓) का तथा गलत वाक्य के सामने (✗) का चिह्न लगाइए-

(क) ✗ (ख) ✗ (ग) ✓ (घ) ✓

5. तुकांत शब्दों का मिलान कीजिए-

(क)	भाव	(i)	हर्ष
(ख)	गाँव	(ii)	खाना
(ग)	सठिया	(iii)	मेवा
(घ)	सेवा	(iv)	चाव
(ङ)	वर्ष	(v)	छाँव
(च)	दाना	(vi)	गठिया

6. निम्नलिखित पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए-

ऋण का पाप तो देने से ही कटेगा।

आशय-ऋण चुकाने पर ही व्यक्ति को मानसिक व आत्मिक शांति प्राप्ति होती है।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-

(क) हम हमारे देश की रक्षा करेंगे।

हम अपने देश की रक्षा करेंगे।

(ख) तेरे को क्या हुआ है?

तुझे क्या हुआ है?

(ग) मैं आपको मेरा पता दूँगा।
मैं आपको अपना पता दूँगा।
(घ) तुम मुझे तुम्हारा पता दो।
तुम मुझे अपना पता दो।

2. **'अकेला' का शब्द-परिवार होगा-अकेला, अकेलापन, अकेले।**
इसी प्रकार निम्नलिखित के शब्द-परिवार बनाइए-

उपयोग	=	उपयोगी, उपयोगिता
अवश्य	=	आवश्यक, आवश्यकता
कार्य	=	कार्यकारी, कार्यरत
कथन	=	कथनीय, कथानक

3. **निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए-**

रुपया	=	रुपये	गाँववाले	=	गाँववाला
बातें	=	बात	निबोली	=	निबोलियाँ
झोंपड़ी	=	झोंपड़ियाँ	बुड्ढे	=	बुड्ढा
अँगूठियाँ	=	अँगूठी	लड़के	=	लड़का

4. **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए और इनका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

अंधेर करना = **अन्याय करना।**
रामलाल ने निर्दोख मजदूर को दंड देकर **अंधेर कर दिया।**
नाक कटना = **बेइज्जती होना**
परेश को जेल हो जाने पर उसके परिवार की **नाक कट गई**।
समय का फेर होना = **समय का बदलाव**
पहले मोहन राहुल के यहाँ नौकरी करता था, अब राहुल उसी से रुपये उधार माँगकर जीवन व्यतीत करता है। इसे कहते हैं **समय का फेर होना**।
राह देखना = **इंतजार करना**
शकुंतला कई वर्षों तक दुष्यंत की **राह देखती रही**।
रंग उड़ना = **लज्जा से चेहरे का तेज कम होना**
बच्चे द्वारा मनोहर सिंह की सहायता करने पर शिवपाल सिंह के चेहरे का रंग **उड़ गया**।

5. **निम्नलिखित शब्दों को उचित प्रत्यय लगाकर लिखिए-**

ऋण	=	ऋणी	उदार	=	उदारता
सप्ताह	=	साप्ताहिक	मीठा	=	मिठाई
प्रतिष्ठा	=	प्रतिष्ठित	जंगल	=	जंगली
बच्चा	=	बचपन	मधुर	=	मधुरता

क्रियात्मक-कार्य
स्वयं करें।

10 परिंदे की फरियाद

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) iii. उसे कैद कर लिया गया है (ख) iii. जब पक्षी आजाद हों

(ग) i. फूलों की कलियाँ (घ) iii. बगीचे के लिए

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

उत्तर- (क) परिंदे को अपने आजादी के दिन याद आते हैं।

(ख) परिंदे को पिंजरे में कैद कर लिया गया है।

(ग) कैदी परिंदे को गुजरे जमाने की सभी बातें याद आ रही हैं। अपने-अपने घोंसले की आजादी सब पक्षियों का चहचहाना आदि बातें याद आ रही हैं।

(घ) कैदी परिंदे को यह डर है कि कहीं वह इस कैद में ही न मर जाए तथा उसको ये दुख है कि उसका घर छूट गया है तब से अकेलेपन उसे खाए जा रहा है।

(ङ) कैदी परिंदे की कैद करने वाले से ये फरियाद है कि ओ कैद करने वाले! मुझ बेजुबान कैदी को आजाद कर दे और मुझे छोड़कर मेरे दिल की दुआएँ लें।

(च) 'परिंदे की फरियाद' इस कविता का सार्थक शीर्षक है क्योंकि आजादी सभी को अच्छी लगती है और हमें पक्षियों को भी कैद करके नहीं रखना चाहिए।

3. निम्नलिखित वाक्यांशों के सही जोड़े बनाइए-

(क)	लगती है चोट दिल पे,	(i)	दुखड़ा किसे सुनाऊँ?
(ख)	साथी तो हैं वतन में,	(ii)	ओ कैद करनेवाले!
(ग)	इस कैद का इलाही!	(iii)	आता है याद जिस दम,
(घ)	जब से चमन छुटा है	(iv)	खुश हों न सुननेवाले,
(ङ)	आजाद मुझको कर दे,	(v)	मैं कैद में पड़ा हूँ।
(च)	गाना इसे समझ के,	(vi)	यह हाल हो गया है,

4. कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए-

(क) आता है याद मुझको गुजरा हुआ जमाना,
वह बाग की बहारें, वह सबका चहचहाना।
आजादियाँ कहाँ वह, अपने घोंसले की,
अपनी खुशी से आना, अपनी खुशी से जाना।

(ख) वह प्यारी-प्यारी सूरत, वह कामिनी-सी मूरत,
आबाद जिसके दम से, था मेरा आशियाना।
आती नहीं सदाएँ उसकी, मेरी कफस में,
होती मेरी रिहाई ऐ काश! मेरे बस में।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए-

उत्तर-

शबनम	=	**ओस**	किस्मत	=	**भाग्य**
घोंसला	=	**नीड़**	चमन	=	**बगीचा**
आजादी	=	**स्वतंत्रता**	गम	=	**दुख**

2. रिक्त स्थानों में आए विशेषण से भाववाचक संज्ञा तथा भाववाचक संज्ञा से विशेषण शब्द बनाइए-

उत्तर-

विशेषण	भाववाचक संज्ञा	विशेषण	भाववाचक संज्ञा
खुश	**खुशी**	आजाद	**आजादी**
बदनसीब	बदनसीबी	**प्रसन्न**	प्रसन्नता
प्यारी	**प्यार**	**गरीब**	गरीबी

3. रंगीन शब्दों का लिंग पहचानकर लिखिए-

उत्तर- (क) स्त्रीलिंग (ख) पुल्लिग (ग) पुल्लिग (घ) पुल्लिग (ङ) स्त्रीलिंग

4. रंगीन पदों का कारक भेद लिखिए-

उत्तर- (क) संबंध कारक (ख) करण कारक (ग) अधिकरण कारक
(घ) करण कारक (ङ) कर्म कारक (च) अधिकरण कारक
(छ) संप्रदान कारक (ज) अधिकरण कारक

5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए-

शबनम	=	ओस	इलाही	=	प्रभु
चमन	=	बगीचा	आबाद	=	बसा हुआ
आशियाना	=	घर	सदाएँ	=	आवाजें

6. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन बनाइए-

घोंसला	=	घोंसले	खुशी	=	खुशियाँ
कली	=	कलियाँ	दुखड़ा	=	दुखड़े
गाना	=	गाने	बात	=	बातें
आजादी	=	आजादियाँ	सदा	=	सदाएँ

7. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

उत्तर-प्यारी-प्यारी = रमेश ने पिंजरे में दाना डाल दिया और उसमें दो **प्यारी-प्यारी** चिड़िया आ गईं।

आशियाना = नीम के पेड़ पर पक्षियों का **आशियाना** था।

क्रियात्मक-कार्य

उत्तर-छात्र स्वयं करें।

11 भीमा

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) ii. पास में क्लिनिक था (ख) i. वह उसे पढ़ाना चाहते थे
(ग) iii. बाल-श्रम

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) मालिक हजारी द्वारा बनाई गई सुबह की चाय को भीमा ग्राहकों को दे आता। फिर अपनी नन्ही अंगुलियों के बीच चार-पाँच गिलासों को उठाकर टंकी पर धोने ले जाता। धुले गिलासों को टेबल पर रखे छींके में पंजों के बल खड़ा होकर जमा देता। यह क्रम उसकी नियति बन गया था।

(ख) होटल का मालिक भीमा के साथ बुरा व्यवहार करता था उसे छोटी-छोटी बातों पर डाँटता था। उसकी जरूरतों का ध्यान नहीं रखता था। उसे खाने को पर्याप्त व अच्छा भोजन नहीं देता था।

(ग) लेखक को भीमा के बारे में जानकारी मिली कि उसकी माता ने उसके भरण-पोषण के दायित्व से मुक्त होने के लिए उसे हजारी को बेच दिया था। वह पढ़ना-लिखना चाहता था परंतु उसका पिता उसे स्कूल नहीं भेजता था।

(घ) भीमा ने लेखक के साथ जाने का निर्णय लेकर सही किया क्योंकि उनके साथ रहकर वह पढ़-लिखकर योग्य व्यक्ति बन जाएगा।

(ङ) जब लेखक को भीमा ने बताया कि वह प्रतिदिन दो घंटे हजारी के पाँव दबाता था तो यह सुनकर उसकी आँखें भर आईं।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) एक छींका जिसमें **आठ-दस** गिलास रखे हैं।

(ख) भीमा का रंग **गेहुँआ** था।

(ग) भीमा **निराश** हो गया।

(घ) भीमा की सारी दुनिया हजारी के **होटल** में सिमट आई थी।

(ङ) भीमा के चेहरे से **प्रसन्नता** झलकने लगी।

4. किसने, किससे कहा?

(क) हजारी ने भीमा से (ख) भीमा ने हजारी से

(ग) भीमा ने हजारी से (घ) अध्यापक लेखक ने भीमा से

(ङ) भीमा के पिता ने अध्यापक (लेखक) से

5. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए-

(क) **आशय-भीमा बहुत छोटी आयु में ही आजीविका कमाने का कार्य करने लगा।**

(ख) **आशय-भारत देश में भीमा की तरह अनेकों बच्चे बचपन में ही रोजगार करने में लग जाते हैं और अशिक्षित व श्रमिक बनकर ही रह जाते हैं।**

भाषा बोध

1. 'बे' उर्दू का उपसर्ग है, जिसका अर्थ है 'बिना'। निम्नलिखित शब्दों में 'बे' उपसर्ग लगाकर इनका अर्थ लिखिए-

				निर्मित शब्द	अर्थ
बे	+	रोजगार	=	**बेरोजगार**	
बे	+	सहारा	=	**बेसहारा**	
बे	+	खौफ	=	**बेखौफ**	
बे	+	वजह	=	**बेवजह**	
बे	+	वक्त	=	**बेवक्त**	
बे	+	मतलब	=	**बेमतलब**	

2. निम्नलिखित वाक्यों में से कारक-चिह्न छाँटकर लिखिए-

(क) के, पर (ख) के, की, से (ग) के, से (घ) की, के, में

(ङ) के, ने, से

3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए-

मालिक = **मालकिन** बालक = **बालिका**

रानी	=	**राजा**	मामी	=	**मामा**
काकी	=	**काका**	लेखिका	=	**लेखक**
अध्यापक	=	**अध्यापिका**	शेरनी	=	**शेर**

4. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए-

अस्थायी	=	**स्थायी**	मालिक	=	**नौकर**
पास	=	**दूर**	झूठ	=	**सच**
निराशा	=	**आशा**	उदास	=	**प्रसन्न**
क्रोध	=	**शांति**	जीवन	=	**मृत्यु**

5. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

दूध	=	क्षीर	पय
हवा	=	समीर	पवन
शाम	=	सायं	संध्या
दुनिया	=	संसार	जगत
बाप	=	पिता	जनक
विद्यालय	=	पाठ शाला	शिक्षालय
हाथ	=	कर	पाणि

6. शब्दों को सही क्रम में रखकर सार्थक वाक्य बनाइए-

(क) जिसमें हैं गिलास दस-आठ रखे में एक छींका।
एक छींका जिसमें आठ-दस गिलास रखे हैं।

(ख) उसकी बन गया नियति था क्रम यह।
यह क्रम उसकी नियति बन गया था।

(ग) हजारी खाने रोटी काम निपटाकर बैठा।
काम निपटाकर हजारी रोटी खाने बैठा।

(घ) इन बेखबर अपने सबसे भीमा रहता लगा में काम।
इन सबसे बेखबर भीमा अपने काम में लगा रहता है।

(ङ) संतोष की उसके पर चेहरे लकीरें उभर आईं।
उसके चेहरे पर संतोष की लकीरें उभर आईं।

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

12 उपहार

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

उत्तर- (क) i. पिंजरे में चिड़िया कैसे फँसती है (ख) i. खाना खाने
(ग) i. पिंजरे में नन्ही-सी चिड़िया (घ) i. दो दिन
(ङ) ii. मर गई

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

उत्तर- (क) शेरोजा को जन्मदिन पर ढेर सारे उपहारों के साथ उसके चाचा द्वारा उपहार में एक पिंजरा मिला।

(ख) चिड़िया को फँसाने के लिए शेरोजा ने घर के आँगन में पिंजरा रखकर उसमें दाने बिखेर दिए।

(ग) शेरोजा ने दो दिनों तक लगातार चिड़िया की अच्छी देखभाल की।

(घ) पिंजरे का दरवाजा खुला देखकर माँ ने शेरोजा से कहा, "शेरोजा, पिंजरे का दरवाजा बंद कर दो वरना चिड़िया उड़ जाएगी। उसे चोट भी पहुँच सकती है।"

(ङ) चिड़िया की मौत हो जाने के कारण शेरोजा कई रातों तक नहीं सो पाया जब भी वह आँखें बंद करता, उसे पिंजरे में कैद फड़फड़ाती और आजादी के लिए संघर्ष करती वह नन्हीं-सी चिड़िया ही दिखाई देती। इस घटना से उसे यह सबक मिला कि आजादी हर जीव को बहुत प्यारी होती है।

(च) इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें कभी भी जीवों को सताना या कैद करके नहीं रखना चाहिए।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) शेरोजा को उसके जन्मदिन के अवसर पर ढेर सारे **उपहार** मिले।

(ख) नन्ही चिड़िया बार-बार **पिंजरे** की दीवार पर चोंच मार रही थी।

(ग) शेरोजा ने पिंजरे की **सफाई** शुरू कर दी।

(घ) सुबह होने पर शेरोजा ने देखा कि पिंजरे में चिड़िया **पेट** के बल लेटी हुई है।

4. सही वाक्य के सामने (✓) का तथा गलत वाक्य के सामने (✗) का चिह्न लगाइए-

(क) ✗ (ख) ✓ (ग) ✓ (घ) ✓

5. किसने, किससे कहा?

उत्तर- (क) शेरोजा ने माँ से (ख) माँ ने शेरोजा से

(ग) माँ ने शेरोजा से (घ) माँ ने शेरोजा से

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

उपस्थिति	=	**अनुपस्थिति**	अंतिम	=	**प्रथम**
बदसूरत	=	**खूबसूरत**	मूल्यहीन	=	**मूल्यवान**
सही	=	**गलत**	गंदगी	=	**सफाई**

2. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन सर्वनामों के भेद लिखिए-

उत्तर- (क) निश्चयवाचक सर्वनाम' (ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(ग) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (घ) प्रश्नवाचक सर्वनाम

(ङ) प्रश्नवाचक सर्वनाम (च) निश्चयवाचक सर्वनाम।

3. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण और विशेष्य छाँटकर अलग-अलग लिखिए।

उत्तर-

	विशेषण	**विशेष्य**		**विशेषण**	**विशेष्य**
(क)	सुंदर	चिड़िया	(ख)	मीठे	सुरों
(ग)	खूबसूरत	चिड़िया	(घ)	नन्हीं	चिड़िया
(ङ)	अंतिम	साँसें			

4. निम्नलिखित विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए-

उत्तर-

सुंदर	**सुंदरता**	साफ	**सफाई**
भूखा	**भूख**	आजाद	**आजादी**
खूबसूरत	**खूबसूरती**	गंदा	**गंदगी**

5. निम्न शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

उत्तर-

उपहार = मैंने अपने दोस्त को **उपहार** में घड़ी दी।

चोट = सड़क पर गिर जाने के कारण गीता के पैर में **चोट** लग गई।

धड़कन = अचानक अपने सामने बस को आता देख मेरी **धड़कन** तेज हो गई।

सबक = मैंने अपने दुश्मन को गलती करने के कारण **सबक** सिखाया।

सदमा = सुशील के फेल होने की खबर सुनकर मुकेश को बहुत **सदमा** लगा।

6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

पानी	=	**जल**	**नीर**
चिड़िया	=	**पक्षी**	**खग**
पैर	=	**चरण**	**पाँव**
रात	=	**निशा**	**रात्रि**
माँ	=	**जननी**	**माता**

क्रियात्मक-कार्य

उत्तर-छात्र स्वयं करों।

13 अपराजिता

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) ii. अपराजिता (ख) iii. पोलियो (ग) i. प्रोफेसर सेठना के

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) जब लेखिका ने देखा धीरे-धीरे बिना किसी सहारे के, कार से डॉ0 चंद्रा ने अपने निर्जीव निचले धड़ को बड़ी दक्षता से नीचे उतारा, फिर बैसाखियों से ही व्हील चेयर तक पहुँच उसमें बैठ गईं और बड़ी तत्परता से उसे स्वयं चलाती कोठी के भीतर चली गईं।

(ख) लेखिका ने लखनऊ के उस मेधावी युवक से कहानी पढ़ने का आग्रह किया है जो रेल से एक भुजा विच्छिन्न होने के कारण उसके दुख में नशे का आदी हो गया है, लेखिका ने यह आग्रह इसलिए किया है क्योंकि डॉ चंद्रा के शरीर की अक्षमताओं को जानकर उसे अहसास हो जाएगा कि उसकी तो केवल एक भुजा ही शरीर से अलग हुई है शरीर के शेष अंग तो सभी कार्य करने में सक्षम हैं इससे उसमें जीवन के प्रति नई आशा व उत्साह का संचार होगा और

वह जीवन सुखपूर्वक बिताएगा।

(ग) डॉ0 चंद्रा की शिक्षा-दीक्षा बंगलौर में उनकी माता की सहायता से हुई।

(घ) मिसेज सुब्रह्मण्यम् ने अपनी पुत्री की शिक्षा प्राप्ति में प्रारंभ से लेकर डॉक्टरेट करने तक पूरी सहायता की। इसलिए उन्हें 'वीर जननी' का पुरस्कार मिला?

(ङ) डॉ0 चंद्रा ने प्राणीशास्त्र में एम0एस0सी0 में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जर्मन भाषा में विशेष योग्यता प्राप्त की, गर्ल गाइड में राष्ट्रपति का स्वर्ण कार्ड पाने वाली प्रथम अपंग बालिका बनीं, डॉक्टरेट की डिग्री ग्रहण की।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) अपनी **शानदार** कोठी में उसे पहली बार देखा।

(ख) मैं फिर नित्य **नियत** समय पर उसका यह विचित्र **आवागमन** देखती।

(ग) कहानी सुनी तो **दंग रह गई**।

(घ) एक वर्ष तक **कष्टसाध्य** उपचार चला।

(ङ) मैं एक सफल **शल्य चिकित्सक** नहीं बन पाऊँगी।

4. निम्नलिखित वाक्यांशों के सही जोड़े बनाइए-

(क)	उसकी कोठी का अहाता	(i)	मैं डॉक्टर बनूँ।
(ख)	धीरे-धीरे मेरा	(ii)	तो आँखें भर आईं।
(ग)	मेरी बड़ी इच्छा थी,	(iii)	हमारे बँगले के अहाते से जुड़ा था।
(घ)	मैंने जब ये कविताएँ देखीं	(iv)	दोनों में उसकी समान रुचि थी।
(ङ)	भारतीय और पाश्चात्य संगीत	(v)	उससे परिचय हुआ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए-

(क) डॉ0 चंद्रा के (ख) डॉ0 चंद्रा को (ग) मन की बात

6. निम्नलिखित पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए-

''ईश्वर सब द्वार एक साथ बंद नहीं करता। यदि एक द्वार बंद करता भी है, तो दूसरा द्वार खोल देता है।''

व्यक्ति को जीवन में अनेक बार ऐसा लगता है कि सब कुछ समाप्त हो चुका है और वह हताश होकर अपना कार्य छोड़ देता है परंतु जीवन में हार न मानने वाले व्यक्ति निरंतर अपने कार्य में लगे रहते हैं तो वे सफलता प्राप्त कर लेते हैं तब यह सिद्ध हो जाता है कि सफलता के मार्ग हमेशा खुले रहे हैं।

भाषा बोध

1. 'उपसर्ग' लगाकर नए शब्द बनाइए-

उत्साह	=	**निरुत्साह**	साहस	=	**दुसाहस**
दीर्घ	=	**सुदीर्घ**	रुचि	=	**सुरुचि**
रुद्ध	=	**अवरुद्ध**	चल	=	**अचल**

2. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-

विधाता	=	**भगवान**	विलक्षण	=	**असाधारण**
विच्छिन्न	=	**विभवत**	उत्कृष्ट	=	**उत्तम**

सामान्य	=	**साधारण**	साधना	=	**तपस्या**
शक्ति	=	**ताकत**	व्यर्थ	=	**बेकार**

3. निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

विधाता = रमेश आत्म विश्वासी होने के कारण विपत्ति के समय **विधाता** को दोषी नहीं ठहराता है।

रिक्तता = श्रेया को अपने जीवन की **रिक्तता** बहुत छोटी लगती है।

नतमस्तक = राम गुरु के आगे **नतमस्तक** हो गया।

आश्चर्य = ममता मुझे **आश्चर्य** से देख रही थी।

दक्षता = सीमा को सिलाई कला में **दक्षता** प्राप्त थी।

आवागमन = मयंक के घर उसका रोज **आवागमन** होता रहता था।

4. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए-

देवांगना	=	देव + अंगना	निर्जीव	=	निः + जीव
सहानुभूति	=	सह + अनुभूति	पक्षाघात	=	पक्ष + आघात
सज्जन	=	सत् + जन	विद्यालय	=	विद्या + आलय

5. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए-

पिछली	=	**अगली**	कठोर	=	**कोमल**
निर्जीव	=	**सजीव**	सुगम	=	**दुर्गम**
साहसी	=	**दुस्साहसी**	मृत्यु	=	**जीवन**
दुःख	=	**सुख**	कठिन	=	**सरल**

6. निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्दों को छाँटकर लिखिए-

(क) मैंने (ख) उसकी, हमारे (ग) वह, उसे, स्वयं

(घ) आप, उन्हें मेरा (ङ) वे, मुझे

7. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए-

द्वार	=	**दरवाजा**	काया	=	**शरीर**
कठोरतम	=	**सबसे कठोर**	स्वयं	=	**अपने आप**
विषाद	=	**दुःख**	पुरस्कार	=	**इनाम**
प्रगति	=	**उन्नति**	बुद्धि	=	**अक्ल**
अंतिम	=	**आखिरी**	विशेष	=	**खास**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

14 मनभावन सावन

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) i. झम-झम (ख) ii. तड़-तड़ (ग) ii. बेला और हारसिंगार

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित लिखिए-

उत्तर- (क) नीम के पेड़ की डाली झूम-झूमकर सिर हिला रही है।

(ख) आकाश में बादल घिरकर घुमड़-घुमड़ कर गरजा है।
(ग) कविता में कवि सबको इंद्रधनुष के झूले में झूलने का संदेश दे रहा है।
(घ) वर्षा होने पर मेढक टर-टर की ध्वनि करते हैं।

3. कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए-

उत्तर- (क) झम-झम-**झम-झम मेघ बरसते हैं सावन के**,
छम-छम-छम गिरती बूँदें तरुओं से छन के,
चम-चम बिजली चमक रही रे उर में घन के,
थम-**थम दिन के तम में सपने जगते मन के**।।

(ख) रिमझिम-**रिमझिम क्या कुछ कहते बूँदों के स्वर**,
रोम **सिहर उठते, छूते वे भीतर अंतर**,
धाराओं पर धाराएँ झरतीं धरती पर,
रज **के कण-कण में तृण-तृण की पुलकावलि भर**।।

भाषा बोध

1. उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

उत्तर- (क) हम उस **बँगले** में रहते हैं।
(ख) यह सड़क तीस **फुट** चौड़ी है।
(ग) इस **कारखाने** के मालिक आज नहीं आए हैं।
(घ) उसकी **आँखों** से पानी बह रहा है।
(ङ) अध्यापिका जी कक्षा के सारे **लड़कों** को बुला रही हैं।

2. निम्नलिखित वाक्यों को पहचानकर उनके नाम प्रकार लिखिए-

उत्तर- (क) विधानवाचक वाक्य (ख) प्रश्नवाचक वाक्य
(ग) निषेधवाचक वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य
(ङ) आज्ञाधवाचक वाक्य (च) प्रश्नवाचक वाक्य

3. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम तथा तद्भव शब्द छाँटकर लिखिए-

उत्तर- **तत्सम**	**तद्भव**	**तत्सम**	**तद्भव**
मुख	**मुँह**	तृण	**तिनका**
श्रावण	**सावन**	स्वप्न	**सपना**
शीश	**सिर**	पक्ष	**पंख**

4. निम्नलिखित शब्दों में अंतर स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाइए-

उत्तर- (क) वश = आज समय पर मेरा **वश** नहीं है।
वंश = रामचंद्रजी **सूर्यवंश** के राजा थे।
(ख) सत = सत से भरा जीवन ही वास्तविक जीवन होता है।
संत = हमें **संत** जनों की संगति में रहना चाहिए।
(ग) चिता = चिंता **चिता** से बढ़कर होती है।
चिंता = चिंतित होने पर मोहन ने राम से कहा-तुम **चिंता** मत करो, सब-कुछ मुझ पर छोड़ दो।
(घ) पथ = हमें हमेशा सच्चाई के **पथ** पर चलना चाहिए।

पंथ = मैं बाजार सब्जी खरीदने गई थी, साथ ही कपड़े भी ले आई। इसे कहते हैं एक **पंथ** दो काज।

5. निम्नलिखित शब्दों के लिंग निर्धारित कीजिए-

ताँबा	=	**पुल्लिग**	कैलाश	=	**पुल्लिग**
रविवार	=	**पुल्लिग**	लुटिया	=	**स्त्रीलिंग**
गंगा	=	**स्त्रीलिंग**	लड़की	=	**स्त्रीलिंग**
नेपाली	=	**पुल्लिंग**	मंगल	=	**पुल्लिग**
एकादशी	=	**स्त्रीलिंग**	पृथ्वी	=	**स्त्रीलिंग**

6. निम्नलिखित शब्दों के वचन निर्धारित कीजिए-

धातु	=	**एकवचन**	डाली	=	**एकवचन**
मक्खियाँ	=	**बहुवचन**	पत्तियाँ	=	**बहुवचन**
कथाएँ	=	**बहुवचन**	चींटी	=	**एकवचन**
सड़क	=	**एकवचन**	लड़की	=	**एकवचन**
गुरु	=	**एकवचन**	पुस्तकें	=	**बहुवचन**
कुरते	=	**बहुवचन**	महिलाएँ	=	**बहुवचन**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

15 गौरा

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) iii. गाय (ख) i. ग्वाले का दूध बिक सके (ग) ii. दुख में

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) गौरा पूर्ण स्वस्थ थी। इसके पुष्ट लचीले पैर, चिकनी भरी हुई पीठ, लंबी सुडौल गरदन, निकलते हुए छोटे-छोटे सींग, भीतर की लालिमा की झलक देते हुए कमल की दो अधखुली पंखुड़ियों जैसे कान, लंबी और अंतिम छोर पर काले सघन चामर का स्मरण दिलाने वाली पूँछ थी उकस सब कुछ साँचे में ढला हुआ-सा था।

(ख) गाय के नेत्रों में एक आत्मीय विश्वास रहता है। गाय को मनुष्य से यातनाएँ मिलती हैं परंतु उसकी आँखों के विश्वास का स्थान न विस्मय ले पाता है, न आतंक। इसलिए गाय को 'करुणा की कविता' कहा है।

(ग) इस पंक्ति का अर्थ है कि गौरा की अंतिम विदाई के समय लेखिका बहुत भावुक व दुखी थीं।

(घ) गौरा के उपचार के लिए लेखिका ने उसे कई सेर सेब का रस पिलवाया, शक्ति के लिए अनेक इंजेक्शन लगवाए, पशु विशेषज्ञों तथा स्थानीय पशु चिकित्सकों से कई बार गौरा की जाँच कराई।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) उस दिन मैंने **ध्यानपूर्वक** गौरा को देखा।

(ख) उसका नामकरण हुआ **गौरागिनी** या **गौरा**।

(ग) पर अब **दुग्ध** दोहन की समस्या कोई स्थायी **समाधान** चाहती थी।

(घ) कदाचित सूई ने **हृदय** को बेधकर बंद कर दिया।

(ङ) "आह! मेरा **गोपालक** देश।"

4. निम्नलिखित पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए-

आशय-गौरा के सुबह-शाम अधिक मात्रा में दूध देने के कारण हमारे घर में सबके (मानव, पशु-पक्षी) लिए पर्याप्त दूध उपलब्ध हो गया।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए-

स्नेह	=	**प्रेम**	**अनुराग**	प्रशंसा	=	**तारीफ**	**स्तुति**
रोग	=	**बीमारी**	**व्याधि**	पशु	=	**जानवर**	**जंतु**
गाय	=	**धेनु**	**गौ**	समीर	=	**पवन**	**हवा**

2. निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द व प्रत्यय अलग-अलग करके लिखिए-

प्रतिक्षित	=	**प्रतीक्षा**	**इत**	निकटता	=	**निकट**	**ता**
नागरिक	=	**नगर**	**इक**	चिकित्सक	=	**चिकित्सा**	**अक**
रंगीन	=	**रंग**	**ईन**	चमकीला	=	**चमक**	**ईला**

3. निम्नलिखित द्वित्व व्यंजनों से शब्द बनाइए-

च्च	=	**बच्चा**	त्त	=	**पत्ता**
ल्ल	=	**बिल्ली**	ट्ट	=	**मिट्टी**
क्क	=	**पक्का**	स्स	=	**रस्सी**

4. रेखांकित शब्दों का कारक पहचानकर सामने लिखिए-

(क) अधिकरण कारक (ख) कर्ता कारक (ग) अधिकरण कारक

(घ) कर्ता कारक (ङ) संबंधकारक (च) अधिकरण कारक

(छ) कार्त कारक

क्रियात्मक-कार्य

16 अंडमान-निकोबार द्वीप समूह

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) i. आर्कीबाल्ड ब्लेयर (ख) iii. 572

(ग) ii. सुभाषचंद्र बोस ने (घ) iii. 8-10

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) पाठानुसार सेल्युलर जेल के बारे में लिखा है कि–आज भी सेल्युलर जेल की इमारत, जिसमें देश के दीवानों ने अपने रक्त से आजादी का इतिहास लिखा था, समुद्र तटवर्ती एक बहुत ऊँचे टीले पर खड़ी है। इस इमारत की सात

भुजाएँ थीं, अब केवल तीन भुजाएँ तथा बीच का टावर रह गया है। इस टावर में राजनीतिक कैदियों के नाम की सूची लगी है। जो भुजाएँ गिरा दी गई थीं, उस भूमि पर अस्पताल की भव्य इमारत बनी हुई है।

(ख) अंडमान की प्रधान फसल नारियल, सुपारी और रबड़ हैं। आजकल धान की पैदावार बढ़ाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं। यहाँ की आय का मुख्य साधन इमारती लकड़ी और मछली है। यहाँ के निवासी खेती के अतिरिक्त मछली पालन, पशु पालन और नारियल के पेड़ उगाने का धंधा करते हैं। यहाँ प्लाईवुड और माचिस के लघु उद्योग भी चलते हैं। फलों में यहाँ आम, कटहल, केले, अमरूद, अनानास, खरबूजा और तरबूज होते हैं।

अब यहाँ पर निरंतर स्कूल खोले जा रहे हैं। इस समय यहाँ पर सात उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एक डिग्री कॉलेज तथा अनेक माध्यमिक विद्यालय और प्राइमरी विद्यालय हैं।

(ग) निकोबार के लोग प्रायः मंगोल जैसे होते हैं। ये रोमन लिपि में निकोबारी पढ़ते हैं।

अंडमान में हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध सभी हैं। इनकी कामकाज की भाषा हिंदी है।

(घ) निकोबारियों का घर कुछ-कुछ अंडे जैसा गोल होता हैं। फर्श जमीन से 6-7 फुट ऊँचाई पर होता है। पूरा घर एक कमरे के रूप में होता है जिसमें कोई खिड़की नहीं होती। हवा फर्श के तख्तों के छेदों से होकर ही आती है। इनके घरों की बनावट बहुत ही सुंदर होती है। एक गाँव में 8-10 घर होते हैं। उनका एक मुखिया होता है, जिसे कैप्टन कहते हैं। यही आपसी झगड़ों का निबटारा करता है। सरल और परिश्रमशील ये लोग झूठ और बेईमानी से दूर रहते हैं। ये अतिथि-सत्कार करना खूब जानते हैं और अपने त्योहार भी अत्यंत उल्लास के साथ मनाते हैं। पहले लेन-देन के रूप में नारियल का इस्तेमाल किया जाता था किंतु अब ये लोग रुपये-पैसे को पहचानने लगे हैं। नारियल, लकड़ी, शंख तथा सीप की बनी सुंदर चीजें बनाकर बेचते हैं।

(ङ) दक्षिण और मध्य अंडमान में 'जरावा' जाति के लोग रहते हैं। निकोबार में 'निकोबारी' और ग्रेट निकोबार में 'शोम्पेन' जाति के लोग रहते हैं।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) क्रांतिकारियों को यहाँ भयंकर **यातनाएँ** भोगनी पड़ती थीं।

(ख) यहाँ के आदिवासियों को **नरभक्षी** बताया गया है।

(ग) **अंडमान द्वीप समूह** में कुल 572 द्वीप हैं।

(घ) निकोबार द्वीप समूह के मूल निवासी प्रायः **मंगोल जैसे** होते हैं।

(ङ) **सामरिक दृष्टि** से इन द्वीपों का बहुत महत्त्व है।

4. निम्नलिखित पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए-

आशय-संस्कृति, परंपरा, धर्म की विभिन्नता होने पर लोग एक-दूसरे के धर्म व भावनाओं को सम्मान देते हैं तथा भाईचारे की भावना से परस्पर जुड़ते हैं जो पूरे

राष्ट्र में एकता स्थापित करती है।

भाषा बोध

1. **निम्नलिखित वाक्यों में 'है/हैं, थी/थीं' का सही प्रयोग कीजिए-**
   (क) देशभक्तों को यहाँ फाँसी दी गई **थी**।
   (ख) सेल्युलर जेल में भयंकर यातनाएँ दी जाती **थीं**।
   (ग) प्रकृति का मनोरम रूप हमें लुभाता **है**। ये ऊँचे-ऊँचे पहाड़, हरी-भरी घाटियाँ सभी के मन को अपनी ओर आकर्षित करते **हैं**।
   (घ) इन द्वीपों पर बहुत चहल-पहल हो रही **है**।
   (ङ) अब ये द्वीप बहुत सुंदर दिखाई देते **हैं**।
   (च) सारे सैलानी वहीं घूमते रहते **हैं**।

2. **निम्नलिखित अव्यय शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**
   यथास्थिति = न्यायालय ने **यथास्थिति** बनाए रखने का आदेश दिया।
   यथाशक्ति = पहलवान ने **यथाशक्ति** दूसरे पहलवान का मुकाबला किया
   प्रतिदिन = राजीव **प्रतिदिन** स्कूल जाता है।
   आमरण = दंगों को रोकने के लिए गांधी जी ने **आमरण** अनशन किया।
   आजन्म = कुछ क्रांतिकारियों को **आजन्म** कारावास का दंड मिला।

3. **निम्नलिखित शब्दों में किस विभक्ति का लोप हुआ है? लिखिए। इनके समास-भेद भी लिखिए-**

नरभक्षी	=	**को**	**कर्म तत्पुरुष समास**
राष्ट्रपति	=	**का**	**संबंध तत्पुरुष समास**
आकाशवाणी	=	**से**	**अपादान तत्पुरुष समास**
चरणामृत	=	**का**	**संबंध तत्पुरुष समास**
भारतवासी	=	**का**	**संबंध तत्पुरुष समास**
रसोईघर	=	**के लिए**	**संप्रदान तत्पुरुष समास**
घुड़सवार	=	**पर**	**अधिकरण तत्पुरुष समास**
शरणागत	=	**को**	**कर्म तत्पुरुण समास**

4. **निम्नलिखित वाक्यों को कारक-चिह्नों द्वारा पूर्ण कीजिए-**
   (क) स्वाधीनता **से** पूर्व यहाँ क्रांतिकारियों **को** रखा जाता था।
   (ख) राजा राजनचोल **ने** इन द्वीपों **को** जीत लिया था।
   (ग) इन द्वीपों **की** कहानी अंधकार **के** गर्त **में** छिपी रही।
   (घ) कुछ लोग यहाँ **की** जलवायु **से** पीड़ित होकर चल बसे।
   (ङ) कुछ जातियों **के** लोग अब वनों **से** निकलकर सभ्य संसार में आने लगे हैं।

5. **निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-**

लकडी	=	**लकड़ी**	दक्षीण	=	**दक्षिण**
प्रशन	=	**प्रश्न**	शभ्य	=	**सभ्य**
हरीयालि	=	**हरियाली**	कमीशनर	=	**कमिश्नर**
स्त्रीयां	=	**स्त्रियाँ**	तबाकु	=	**तंबाकू**

6. **रंगीन शब्दों के सर्वनामों का शुद्ध रूप लिखकर वाक्य पुनः लिखिए-**

(क) दूसरा नाम मुझे मालूम नहीं।

(ख) कमरे में किसका सामान रखा है।

(ग) तुम किससे पूछकर यहाँ आए हो?

(घ) उसने तुम्हें बुलाया है।

(ङ) तुझे क्या चाहिए?

7. **निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए-**

अभिनेता	=	**अभिनेत्री**	युवक	=	**युवती**
सम्राट	=	**सम्राज्ञी**	कवि	=	**कवयित्री**
तपस्वी	=	**तपस्विनी**	निर्माता	=	**निर्मात्री**
ब्राह्मणी	=	**ब्राह्मण**	गुणवती	=	**गुणवान**

8. **निम्नलिखित संबंधबोधक अव्ययों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

से पहले	**मेरे आने से पहले वह चला गया था।**
के बाद	**खाना खाने के बाद रोहन सो गया था।**
के ऊपर	**मोहन छत के ऊपर बैठा है।**
के कारण	**बुखार के कारण वह विद्यालय नहीं जा सका।**
के पीछे	**वह पेड़ के पीछे छिप गया।**
की ओर	**हाथी जंगल की ओर जा रहा था।**
के समान	**कबीर के समान कोई नहीं है।**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

17 चाय और उसकी लोकप्रियता

अभ्यास-कार्य

1. **निम्नलिख्यात बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-**

उत्तर- (क) iii. चाय (ख) ii. ब्रिटेन (ग) ii. सफेद

(घ) ii. चीनी (ङ) i. हानि

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-**

उत्तर- (क) भारतवर्ष में चाय की लोकप्रियता इस सीमा तक है कि इसे हमारा राष्ट्रीय पेय भी कहा जा सकता है। उठते-बैठते, सुबह-शाम चाय पीने की तलब साथ नहीं छोड़ती। लोग इसे स्फूर्तिदायक पेय तो मानते ही हैं, परंतु कुछ लोगों का यह भी मानना है कि गर्मागर्म चाय पीना सिरदर्द का अचूक इलाज है।

(ख) प्रारंभ में अंग्रेजों ने हिंदुस्तानियों में चाय की ललक जगाई। तब रेलवे स्टेशनों, बस-अड्डों आदि सहित भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर नारे लिखे गए-'रोज चाय पियो, ज्यादा दिन जिओ।' और तब से अब तक का चाय का सफर कदम-कदम पर ठहरकर अबाध गति से जारी है।

(ग) तुर्की में प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति सबसे अधिक कप चाय पी जाती है-3.16 किलोग्राम चाय प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति। आयरलैंड में प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति सबसे अधिक कप चाय पी जाती है-2.19 किलोग्राम प्रति व्यक्ति चाय की खपत। दूसरे तीसरे पर है ब्रिटेन, जहाँ प्रतिवर्ष औसत 1.49 किलोग्राम प्रति निवासी चाय पीता है।

(घ) चाय की उत्पत्ति की कहानी भी कम रोचक नहीं है। ऐसा कहा जाता है कि बोधिधर्म नामक एक दाक्षिणात्य बौद्ध भिक्षु धर्म प्रचार के लिए भारत से चीन गया था। एक दिन ध्यान करते समय धर्म को आलस्य ने आ घेरा। आलस्यवश उसके नेत्र निमीलित होने लगे। यह देख उसे क्रोध आ गया और उसने अपनी पलकें नोंचकर फेंक दीं। जहाँ-जहाँ पलकें गिरी, वहाँ पौधे उग आए। उसने उनकी पत्तियों का सेवन किया, जिससे वह पुनः निरलस हो ध्यानमग्न हो गया। ये पौधे ही चाय के पौधे कहलाए।

(ङ) एक बार एक चीनी दूत इंग्लैंड की महारानी के दरबार में गया। वहाँ उसने एक पैकेट चाय भेंट की। कहते हैं, महारानी ने चाय की पत्तियों को उबलवाकर पानी तो फिंकवा दिया और उन्हें मिलाकर रोटी के साथ खाया। इससे समझा जा सकता है कि इंग्लैंडवासी चाय के विषय में कितनी जानकारी रखते थे।
चीन से चाय जापान पहुँची और वहाँ से यूरोप में कदम रखा। पहले जब चाय का यूरोप में प्रचार हुआ, तब यह बहुत महँगी बिका करती थी। धीरे-धीरे चाय के गुणों का प्रचार हुआ और लोगों में सम्मान पाते देख ईस्ट इंडिया कंपनी इसका व्यापार करने लगी। वह चाय को चीन और जावा से आयात कर इंग्लैंड में बेचने लगी। इस कंपनी ने चाय के व्यापार में बहुत धन बटोरा। सन् 1834 ई0 में ईस्ट इंडिया कंपनी की चीन से खटपट हो गई, तब चीन ने ईस्ट इंडिया कंपनी को चाय का निर्यात बंद कर दिया। ऐसी स्थिति में ईस्ट इंडिया कंपनी का ध्यान चाय की खेती की ओर गया।

(च) धरती में चाय का बीज बोया जाता है। चाय के बीजों के लिए सख्त मिट्टी और नम वायु की आवश्यकता होती है। जब पौधे तीन वर्ष के हो जाते हैं, तब इनसे पत्तियाँ चुनी जाती हैं।
तब पत्तियों को उन्हें कारखाने में भेज दिया जाता है।
कारखाने में पहुँचने पर पत्तियों को पहले सुखाया जाता है। फिर रोलर की सहायता से उनका चूर्ण किया जाता है। तत्पश्चात कई वैज्ञानिक यंत्रों और क्रियाओं की मदद से चाय अपनी वर्तमान आकृति तक पहुँचती है। चाय में सुगंध पैदा करने के लिए पत्तियों के चूर्ण में सुगंधित पदार्थ भी डाल दिए जाते हैं। इस प्रकार जब चाय बनकर तैयार हो जाती है, तो छोटे-छोटे डिब्बों और बड़ी-बड़ी पेटियों में भरकर देश-विदेश में बिक्री हेतु भेजी जाती है।

(छ) अधिक चाप पीने से भूख मरना, यकृत में सूजन, आँतों में जलन जैसी तकलीफें होने का अंदेशा रहता है। देखा गया है कि चाय के आदी व्यक्ति इसके गुलाम बन जाते हैं, क्योंकि निकोटीन की अधिक मात्रा दिमाग के लिए जहर है।

3. दिए गए विषयों पर अपने विचार लिखिए-

उत्तर- (क) हमें किसी भी वस्तु का उपयोग एक सीमा के अंदर ही करना चाहिए क्योंकि किसी भी वस्तु के असीमित प्रयोग से वह वस्तु हमारे लिए हानिकारक हो सकती है। इसलिए हमें अपने विवेक से काम लेते हुए वस्तुओं के उपयोग की सीमा निर्धारित कर लेनी चाहिए।

(ख) कहा जाता है कि जल मनुष्य के लिए जीवन है क्योंकि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। लेकिन चाय पीने से तुरंत स्फूर्ति आती है तथा चाय पीने से सिरदर्द तथा सुस्ती दूर होती है। इसलिए इसको जीवन देने वाली एक अचूक बूटी माना जा सकता है।

भाषा बोध

1. दिए गए शब्दों के मूल शब्द लिखिए-

उत्तर-	आवेशित	**आवेश**	कल्याणकारी	**कल्याण**
	लोकप्रियता	**लोकप्रिय**	कुदरती	**कुदरत**
	जापानी	**जापान**	गुलामी	**गुलाम**
	दैनिक	**दिन**	रचनात्मक	**रचना**
	नवीनतम	**नवीन**		

2. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी सही करके लिखिए-

(ग) वर्तनी सुधारिए-

उत्तर-	कृत्रीम	**कृत्रिम**	स्फूर्ती	**स्फूर्ति**
	आंदौलित	**आंदोलित**	अनुकुल	**अनुकूल**
	हानीकारक	**हानिकारक**	प्रशीक्षीत	**प्रशिक्षित**

3. निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

उत्तर- जगत = यह संपूर्ण **जगत** मिथ्या है।

अनुकूल = आज समय हमारे **अनुकूल** है।

प्रतिकूल = हमें अपने बड़ों के **प्रतिकूल** होकर कार्य नहीं करने चाहिए।

निर्यात = हमारे देश से अनेक वस्तुओं का **निर्यात** किया जाता है।

आयात = पानी के जहाज के द्वारा अनेक चीजों का **आयात** किया जाता है।

4. रंगीन छपे पदों के कारक बताइए-

उत्तर- (क) संप्रदान कारक (ख) कर्म कारक (ग) संप्रदान कारक

(घ) कर्म कारक (ङ) कर्म कारक

5. निम्नलिखित शब्दों के उत्तरावस्था तथा उत्तमावस्था के रूप लिखिए-

उच्च	=	**उच्चतर**	**उच्चतम**
अधिक	=	**अधिकतर**	**अधिकतम**
प्रिय	=	**प्रियतर**	**प्रियतम**
सुंदर	=	**सुंदरतर**	**सुंदरतम**

6. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियाएँ छाँटकर लिखिए-

(क) सो रहे थे। (ख) गए हैं। (ग) हँसती है

(घ) घूमने जाएँगे (ङ) कर लिया था (च) धुलवाता है

7. निम्नलिखित वाक्यों को दिए गए काल के निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए-

(क) **द्रविड़ आज अच्छा नहीं खेल रहा है।**

(ख) **महात्मा गांधी अमर थे।**

(ग) **मोहन शतरंज खेल रहा है।**

(घ) **शायद आज पत्र मिल रहा है।**

(ङ) **मैं जाऊँगा।**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

18 पिंजरा

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) iii. सोना (ख) i. आजादी

(ग) ii. पिंजरे का पंछी (घ) iii. रबींद्रनाथ ठाकुर

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) पिंजरे का पंछी पिंजर में कैद रहता है, वह स्वयं स्वतंत्रतापूर्वक कहीं आ-जा, खा-पी नहीं सकता। जबकि वन का पंछी स्वतंत्र है वह अपनी इच्छा में कहीं भी आ-जा सकता है, खा-पी सकता है।

(ख) पिंजरे का पंछी अपनी मजबूरी बताता है कि मैं पिंजरे की चारों ओर से घिरी परिपाटी से बाहर नहीं आ सकता।

(ग) दोनों पक्षी अपने-अपने वातावरण में ही जीवन जीने में अभ्यस्त थे इसलिए वे मिलकर नहीं रह पाए।

(घ) इस कविता से हमें यह संदेश मिलता है कि हमें जैसा वातावरण मिलता है हम उसी में रहने के आदी हो जाते हैं, हम उस वातावरण से अलग वातावरण में रहने का साहस ही नहीं कर पाते।

3. कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए-

(क) सोने **के पिंजरे में था पिंजरे का पक्षी**,
और वन का पंछी था वन में।
जाने **कैसे एक बार दोनों का मिलन हो गया**,
कौन **जाने उनके मन में क्या था**?

(ख) वन का पंछी **कहता है**,
"नहीं, **मैं वहाँ उड़ूँगा कैसे**?"
पिंजरे **का पंछी कहता है**,
"हाय, **बादलों में बैठने का ठौर** कहाँ है?"

इस तरह दोनों एक-दूसरे को चाहते तो हैं,
किंतु पास-पास नहीं आ पाते।

4. निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए-

भावार्थ-पिंजरे का पक्षी कहता है कि मैं पिंजरे की चारों ओर से घिरी परिपाटी से बाहर नहीं आ सकता। वन का पक्षी कहता है कि प्रयास करके "अपने-आपको बादलों के हवाले कर दो।" पिंजरे से बाहर आकर बादलों में उड़ान भरो।

भाषा बोध

1. कुछ शब्द कई शब्दों के संक्षिप्त रूप होते हैं, ऐसे शब्दों को 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' कहा जाता है।

इसी तरह दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखिए-

गीत गाने वाला	=	**गायक**
रक्षा करने वाला	=	**रक्षक**
जिसमें पंछी को कैद किया जाता है	=	**पिंजरा**
पक्षियों का शिकार करने वाला	=	**बहेलिया**
जंगल में रहने वाला	=	**जंगली**

2. निम्नलिखित वाक्यों को उचित कारक-चिह्नों द्वारा पूर्ण कीजिए-

(क) एक पंछी सोने **के** पिंजरे **में** था।
(ख) वन का पंछी खुली हवाओं में आजाद घूमता था।
(ग) वन के पंछी ने पिंजरे के पंछी से बातें कीं।
(घ) वन के पंछी ने पिंजरे के पंछी को मधुर गीत सुनाए।

3. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-

पक्षी	=	**विहग**	एकांत	=	**अकेलापन**
जंगल	=	**वन**	बादल	=	**मेघ**
आकाश	=	**नभ**	बाधा	=	**रुकावट**

4. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए-

जीवन	=	**मृत्यु**	उच्च	=	**निम्न**
गगन	=	**पृथ्वी**	सभ्य	=	**असभ्य**
सबल	=	**निर्बल**	विशाल	=	**क्षुद्र**

5. निम्नलिखित समुच्चयबोधक शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

और	=	काजल **और** निशा दोनों अच्छी सहेलियाँ हैं।
या	=	तुम्हें टेलीविजन चाहिए **या** कंप्यूटर।
किंतु	=	सौरभ सीधा है **किंतु** उसकी बहन चालाक है।
परंतु	=	विपुल गया **परंतु** राजीव न जा सका।
कि	=	मैं दूध पीऊँगा न **कि** चाय।

6. निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय अलग कीजिए-

	उद्देश्य	**विधेय**
(क)	चंद्रशेखर	महान क्रांतिकारी थे।

(ख) सुरेश भाई सब्जी बेचते हैं।
(ग) अजय से अनजाने में कप टूट गया।
(घ) कोयल बाग में कूक रही है।

7. उचित क्रियाविशेषण से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) नरेंद्र **धीरे-धीरे** खिसक गया। (धीरे-धीरे/खूब)
(ख) मलिक ने **खूब** खाया। (लगभग/खूब)
(ग) सुशील **एकाएक** चला गया। (एकाएक/ठीक)

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

19 जुर्माना

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनिए-

(क) iii. जुर्माना (ख) ii. गीता का (ग) i. बच्ची बीमार थी

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए-

(क) जब गीता अपनी लड़की को डाँटते समय दारोगा सुरेश को बुरा-भला कह रही थी तभी सुरेश उसके सामने आ गया। तब गीता ने सोचा कि शायद सुरेश ने सुन लिया है और वह इस बार उसका आधा वेतन काट लेगा।

(ख) गीता अपनी बीमार लड़की को साथ लाई थी और उस पर ध्यान न देकर सफाई कर रही थी। काम के प्रति लगन का यह दृश्य देखकर सुरेश के मन में गीता के प्रति सहानुभूति पैदा हुई।

(ग) 'सब-कुछ सुनकर भी दारोगा नाराज नहीं हुआ।' यह सोचकर-समझकर गीता इसलिए भयभीत हो उठी क्योंकि गीता ने समझ लिया था कि अब दारोग उसे नौकरी से निकाल देगा और उसका आधा वेतन भी काट लेगा।

(घ) छुट्टी करने तथा दारोगा को गाली देने पर भी दारोगा ने गीता को पूरा वेतन दिया था। इसलिए दारोगा को गाली देने पर गीता को पश्चात्ताप हुआ।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) सुरेश की मातहती में **सैकड़ों** नौकरानियाँ थीं।
(ख) उस दिन उसका मन जैसे **सूलीं पर** टँगा रहता।
(ग) वह **सिर झुकाए** वेतन लेने जाती।
(घ) गीता के चेहरे का रंग उड़ **गया**।
(ङ) खजांची ने पूरे 600 रुपये उसके हाथ पर रख दिए।

भाषा बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

भारी	=	हल्का	ठंड	=	गर्मी
रात	=	दिन	सिर	=	पैर
खूबसूरत	=	बदसूरत	भाग्य	=	दुर्भाग्य
पास	=	दूर	दुआ	=	बद्दुआ

2. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए तथा अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए-

तखमीना करना = **अनुमान लगाना**

परीक्षा देने के बाद राहुल अपने प्राप्तांकों का **तखमीना करने** लगा।

कानाफूसी करना = **कान में धीरे-धीरे कुछ कहना**

मालिक को देखकर कर्मचारी आपस में **कानाफूसी** करने लगे।

फूट-फूटकर रोना = **गहरे दुख के साथ रोना**

अनुत्तीर्ण होने पर रवि **फूट-फूटकर** रोया।

मन सूली पर टँगा रहना = **बहुत बेचैन रहना**

व्यापार में हानि होने पर सेठ का **मन सूली पर टँगा रहता** था।

कलेजा धक्-धक् करना = **बहुत घबरा जाना**

शेर को सामने देखकर उसका **कलेजा धक्-धक्** करने लगा।

3. दिए गए उदाहरण के अनुसार वाक्य बदलिए-

(क) वह उठ गया। वह चला गया।

(ख) लड़की चिल्लाई। वह बेहोश हो गई।

(ग) वह घबराया। उसने आँखें मूँद लीं।

(घ) औरतों ने गीता को देखा। वे कानाफूसी करने लगी।

(ङ) गीता ने अपना नाम सुना। वह चौंक पड़ी।

4. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए-

लंबाई	=	**लंबा**	कालिमा	=	**काला**
उदासी	=	**उदास**	एकता	=	**एक**
ठंडक	=	**ठंडा**	भलाई	=	**भला**
भूख	=	**भूखा**	परोपकार	=	**परोपकारी**

5. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए-

वेतन	=	**तनख्वाह**	समय	=	**काल**
परीक्षा	=	**इम्तहान**	मगर	=	**किंतु**
दूध	=	**दुग्ध**	ज्वर	=	**बुखार**
ठंड	=	**शीत**	काम	=	**कार्य**
हाथ	=	**कर**	उपहास	=	**मजाक**

क्रियात्मक-कार्य

स्वयं करें।

Notes

Notes